# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# शेरनी दस्ता के पीछा करने पर स्कूटी छोड़ भागे लिफ्टर



गोरखपुर (एसएनबी)। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के नौकायन के समीप से एक महिला की स्कूटी चोरी कर भाग रहे चोरों को शेरनी दस्ता की शेरनियों द्वारा पीछा किये जाने पर स्कूटी छोड़कर भागना मजवूरी वनी। जिसके वाद स्कूटी को वरामद कर महिला को सौंप दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के वड़े काजीपुर निकट इमामवाड़ा निवासिनी सवीना रेयाज नौकायान घूमने आयी थीं। वह अपनी स्कूटी नौकायान पुलिस चौकी के पास खड़ी कर के घूमने चली गयीं। जल्दवाजी में उसकी गाड़ी की चावी स्कूटी में ही रह गयी थी। पीछा करने वाले शेरनी दस्ता में महिला कांस्टेवल रूवी त्रिपाठी, सुनीता तिवारी शामिल रहीं।

# डकैती की योजना बनाते आठ बदमाश गिरफ्तार

- गुजरात, मुरादाबाद, बांदा, बस्ती और महराजगंज के रहने वाले हैं बदमाश
- रामगढ़ताल पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी
- वेशकीमती मूर्तियां की चोरी, बड़ी चोरियों और लूट की घटनाओं को देता है गैंग अंजाम

गोरखपुर (एसएनबी)। जिले की रामगढ़ताल थाना पुलिस के हाथ वड़ी कामयावी लगी है। पुलिस ने वीती रात डकैती की योजना वना रहे आठ वदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में गायघाट (लहसड़ी) फोरलेन अण्डर पास के नीचे गिरफ्तार किया। पुलिस इनके कब्जे से 315 वोर का तमंचा-कारतूस, भुजाली व दो लोहे की राड वरामद की। सभी वदमाश यहां 2 जुलाई से यहां एक होटल में रह रहे थे।

रामगढ़ताल थाने के प्रभारी निरीक्षक जगत नरायन सिंह ने वताया कि वीती रात मुखविर ने सूचना दी कि गायघाट लहसड़ी फोरलेन अण्डर पास के नीचे वैठकर आधा दर्जन से अधिक वदमाश किसी वड़ी घटना को अंजाम दिये के लिए मौजूद हैं। इस सूचना पर वह रात 12.40 वजे उक्त स्थल पर सहयोगी उनि अक्षय कुमार मिश्र, अभिनव मिश्रा, विशाल कुमार उपाध्याय, धर्मेन्द्र जैन, हेका धीरेन्द्र यादव, कां. प्रवीण कुमार पाण्डेय, देवानन्द, अंकित यादव व सोनू कुमार यादव के साथ पहुंचे। पुलिस को देख वदमाशों ने ललकारते हुए फायर झोंक दिया। पुलिस टीम ने खुद को सुरक्षित रखते हुए भागने का प्रयास कर रहे वदमाशों को पकड़ लिया। पूछताछ में वदमाशों ने अपना



रामगढ़ताल थाने में गिरफ्तार अंतरराजीय गैंग के अपराधी।

नाम सुनील कुमार पुत्र रामसूरत निवासी सिकंदरपुर थाना कलवारी जनपद वस्ती, एहसान पुत्र फकीरा निवासी रसूलपुर चौरा थाना छजलैट जनपद मुरादावाद ,मो. सारिक उर्फ सलीम पुत्र शौकत अली निवासी मौजा कोहडवल टोला परसा थाना नौतनवा जनपद महराजगंज, काशिम पुत्र शाकिर निवासी अजीतपारा थाना करनावती जनपद गांधीनगर गुजरात रमेश पुत्र मुलाजी भाई निवासी ग्राम गाधींधाम थाना गाधींधाम जनपद कच्छ गुजरात। अव्दुल शकूर पुत्र अव्दुल हफीज निवासी सरखेज थाना सरखेज जनपद गांधीनगर गुजरात, सांवर पुत्र परमेश्वर निवासी ग्राम वसन्तपुर टोला मंशापुरवा थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर व सुरेश उर्फ सनि पुत्र वदलू निवासी अतरहट थाना चिल्ला जनपद वांदा यूपी वताया।

पुलिस ने आरोपितों को आईपीसी की धारा 399, 402, 307, 34 व 3/25/27 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना के तहत सभी को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल ने वताया कि गैंग मूर्तियों की चोरी, वड़ी चोरी और मौका मिलने पर लूट व डकैती की घटनाओं को अंजाम देता है। पहली वार यह गैंग पकड़ में आया है। इस गैंग के सदस्य शहर के चेतना होटल में रुके थे।

**बेबसी** एक मां ने तंगहाल जिंदगी में बच्चे की बेहतर परवरिश का ख्वाब सजाकर दिल पर रखा पत्थर

# दो बेबस मां-एक मासूम और कर दिया 'जिंदगी' का सौदा

### तो दूसरी ने अपनों के तानो से बचने के लिए खरीद लिया बच्चा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (11 July):** दुनिया को सभी हर खुशी नहीं मिलती है. किसी के पास पैसा है लेकिन घर में उन मासूमों की किलकारियां नहीं गूंजती है, जिससे कि रूह को सुकून मिल जाए. वहीं किसी के आंगन में किलकारियां तो गूंजती है लेकिन जिंदगी ऐसी तंगहाल है कि उसे भी सुकून नहीं मिल पाता. इस जद्दोजहद भरी जिंदगी में एक ऐसी ही असली कहानी सामने आई जिससे सुनकर सभी के रौंगटे खड़े हो गए. दो बेबस मां की यह दास्तान जिसने भी सुनी तो उसे तकलीफ भी हुई और हैरत भी. इन दो बेबस माओं ने जिंदगी की गाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए मासूम की जिंदगी का सौदा कर लिया. किसी को पता न चले, इसके लिए किडनैपिंग की कंप्लेन लिखाई, लेकिन चंद घंटों में ही हकीकत सबके सामने आ गई.



> **घटना की सूचना पर अविलंब जांच शुरू की गई. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बच्चे को बरामद कर लिया गया. महिला ने खुद ही बच्चे को बेच दिया था. इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है.**
>
> सोनम कुमार,
> एसपी सिटी

### क्या हुई घटना

- गोरखनाथ एरिया के इलाहीबाग की रहने वाली सलमा खातून के पति शमशाद ने पुलिस को सूचना दी.
- उसने बताया कि उसकी पत्नी सलमा तीन साल के बच्चे संग रसूलपुर शहनाई मैरेज हाल के पास से पैदल जा रही थी.
- तभी लाल साड़ी पहने महिला आई. उसकी गोद से बच्चा छीनकर दूर खड़ी कार में सवार होकर फरार हो गई.
- शाम छह बजे मिली सूचना पर पुलिस हरकत में आई. एसपी सिटी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंची.
- पीड़ित महिला से बातचीत पर पुलिस को शक हुआ. सीसीटीवी फुटेज से कहानी सामने आई. सवा घंटे में बच्चा मिल गया.
- गोरखनाथ, तिवारीपुर, शाहपुर और क्राइम ब्रांच की टीम ने फुटेज की जांच करके सुराग लगाया.
- मूलरूप से बिहार की रहने वाली शाहीन सिद्दीकी और उसके पति अरशे आलम को पुलिस ने पकड़ा.
- शाहीन की गोद में मासूम मिला. उसने बताया कि उसने 50 हजार रुपए में बच्चा खरीदा है.
- सीसीटीवी फुटेज में घटनास्थल पर सलमा खुद ही शाहिन को बच्चा सौंपते हुई नजर आई.
- बच्चे को बरामद करके पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

### 50 हजार में किया सौदा

बच्चे की बरामदगी के बाद बेबसी की दो कहानी सामने आई. एक मां ने जहां 50 हजार में बच्चे को बेच दिया. वही दूसरी महिला जिसने बच्चे को खरीदा वह 11 साल से मां नहीं बन पा रही है. सलमा के पति शमशाद हसन कबाड़ का काम करता है. वह परिवार से अलग रसूलपुर बगिया में बच्चों संग रहता है. महिला की चार बच्चों में तीन बेटे और एक बेटी है. इनका गुजारा बड़ी मुश्किल से होता है. ऐसे में मां ने अपने बच्चे को 50 हजार रुपए में बेच दिया. बच्चा खरीदने वाली महिला शाहीन पति अरशे आलम विदेश में रहते हैं. बच्चा न होने की वजह से लोग उसे ताना मारते थे. इसलिए दवा कराने के लिए वह बिहार से गोरखपुर चली आई. फायदा नही मिला. इस बीच उसकी मुलाकात सलमा से हो गई. रुपए के लिएसलमा ने अपने तीन माह के बेटे को बेच दिया.

# गुजरात से आकर बना रहे थे डकैती की योजना, पकड़े गए

### रामगढ़ताल एरिया में मुठभेड़ के बाद स्थानीय पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (11 July):** डकैती की योजना बना रहे आठ बदमाशों को रामगढ़ताल पुलिस ने अरेस्ट किया. शनिवार की रात गायघाट लहसड़ी फोरलेन अंडरपास के पास वह वारदात के लिए जुटे थे. उनके पास से एक तमंचा, एक कारतूस, एक खोखा, चाकू और दो रॉड बरामद हुई. पुलिस का कहना है कि यदि उनको नहीं पकड़ा जाता तो वह डकैती की बड़ी वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते. सभी बदमाश गोरखपुर, बस्ती, महराजगंज, मुरादाबाद, बांदा और गुजरात के रहने वाले हैं. हालांकि पकड़े गए बदमाश पूर्व में किसी घटना में शामिल रहे हैं. इसकी जानकारी पुलिस के पास नहीं है. इनके पकड़े जाने सिर्फ योजना विफल हुई. किसी पुरानी घटना का पर्दाफाश नहीं हुआ. पकड़े गए तीन बदमाश गुजरात के रहने वाले हैं.



### इनका नहीं मिला जवाब

- बदमाश अंडरपास तक कैसे और किस व्हीकल से पहुंचे थे.
- पूर्व में इन्होंने कितनी घटनाओं को अंजाम दिया है.
- जिले में रहकर कितनी घटनाएं की. सभी एक दूसरे से कैसे जुड़ते चले गए.
- बदमाशों ने कहां-कहां रेकी थी. उनके निशाने पर कौन से मकान आ गए थे.

### मुखबिर ने दी सूचना

शनिवार की रात एसएचओ को मुखबिर ने सूचना दी. बताया कि लहसड़ी फोरलेन अंडरपास के नीचे बैठे आठ लोग डकैती की योजना बना रहे हैं. एसआई अभिनव मिश्रा ने इसकी पुष्टि कर ली. पुलिस ने घेराबंदी की. भागने के लिए बदमाशों ने पुलिस पर तमंचे से एक फायर किया. लेकिन निकल नहीं पाए. एसएचओ रामगढ़ताल जेएन सिंह ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों की पहचान बस्ती के सुनील, मुरादाबाद जिले के एहसान, महराजगंज जिले के मो. सारिक, गांधी नगर गुजरात के कासिम, गुजरात कच्छ के रमेश, गुजरात गांधीनगर के अब्दुल शकूर, गोरखपुर जिले के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के बसंतपुर टोला मंशापुरवा निवासी सावर, बांदा जिले के चिल्ला के अतरहट निवासी सुरेश उर्फ सत्री के रूप में हुई है.

### पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की बदमाशों ने की कोशिश

# डकैती की योजना बना रहे 8 बदमाश गिरफ्तार

**शिकंजा**

**गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता**

गोरखपुर में बड़ी डकैती की योजना बना रहे आठ बदमाशों को शनिवार की रात गायघाट लहसड़ी फोरलेन अंडरपास से रामगढ़ताल पुलिस की टीम ने दबोच लिया। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर भागने की कोशिश की लेकिन घेराबंदी से वह निकल नहीं पाए। पकड़े गए बदमाश गोरखपुर, बस्ती, महराजगंज, मुरादाबाद, बांदा और गुजरात के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। इनके पास से पुलिस ने 315 बोर का तमंचा, चाकू, लोहे की रॉड व अन्य सामान बरामद किया। रविवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

रामगढ़ताल थाना प्रभारी जगत नारायण सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि आठ की संख्या में बदमाश गायघाट लहसड़ी फोरलेन अण्डरपास के नीचे बैठे हैं। वह रात में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। उप निरीक्षक अभिनव मिश्र ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर पड़ताल की। मुखबिर के इशारे के बाद पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया। पुलिस से घिरने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने चारों तरफ से घेर रखा था इसलिए वह भाग नहीं पाए और पुलिस टीम ने आठों व्यक्तियों को दबोच लिया।

**बदमाशों की हुई पहचान :** जामा तलाशी में उनके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा व एक कारतूस 315 बोर, एक चाकू (भुजाली) दो लोहे की रॉड बरामद हुई। पूछताछ में उनकी पहचान बस्ती के कलवारी थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर निवासी सुनील, मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के रसूलपुर चौरा निवासी एहसान, महराजगंज जिले के नौतनवा क्षेत्र के कोहड़वल टोला परसा निवासी मो. सारिक तथा गांधी नगर गुजरात के करनावती क्षेत्र के अजीतपार निवासी काशिम, गुजरात कच्छ के गांधीधाम थाना क्षेत्र के गांधी धाम निवासी रमेश, गुजरात गांधीनगर के सरखेज थाना क्षेत्र स्थित सरखेज निवासी अब्दुल शकूर, गोरखपुर जिले के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के बसंतपुर टोला मंशापुरवा निवासी सावंर, बांदा जिले के चिल्ला थाना क्षेत्र के अतरहट निवासी सुरेश उर्फ सन्नी के रूप में हुई। इनके खिलाफ हत्या के प्रयास और अर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिए गया।



रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में पकड़े गए डकैती की योजना बनाते बदमाश। • हिन्दुस्तान

## गैंग ऐसे करता था लूटपाट

रामगढ़ताल थाने में इनके खिलाफ हत्या के प्रयास और अर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से भी आरोपित जेल भेज दिए गया। रामगढ़ताल प्रभारी ने बताया कि यह बदमाश अगर अपनी योजना में कामयाब हो जाते तो फिर इन्हें पकड़ा इतना आसान नहीं होता। इस गैंग के लोग शहर के अलग-अलग इलाकों में ठिकाना बदलकर रह रहे थे। खास बात यह है कि यह एक जिले में कुछ बड़ी वारदातों को अंजाम देने के बाद शहर भी छोड़ देते हैं। ताकि वह पकड़े न जाए।

## संदिग्ध महिला की तलाश

पुलिस के मुताबिक इस गैंग में कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। जो आधी रात किसी न किसी बहाने से लोगों के घरों के दरवाजे खुलवाती हैं। लोग महिला को बेचारी समझ जैसे ही गेट खोलते, पीछे से घात लगाए बैठे इस गैंग के सदस्य उन्हें लूट लेते। हालांकि अभी इस गैंग ने शहर में कोई वारदात को अंजाम नहीं दिया था। यह रेकी कर घटना को अंजाम देने वाले थे कि इससे पहले पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। इसके अलावा यह बदमाश रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन से निकलने वाले यात्रियों को भी निशाना बनाते थे।

## दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपित को दबोचा

**झंगहा/चौरीचौरा।** दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने के लिए पिछले दो माह से झंगहा थाने का चक्कर लगा रही पीड़िता की खबर प्रमुखता से 'हिन्दुस्तान' में प्रकाशित होने पर पुलिस सर्किय हो गई। मुकदमा दर्ज करने के साथ 24 घंटे में ही आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया।

झंगहा क्षेत्र के एक गांव की एक महिला के साथ उसके देवर ने अप्रैल माह में छत पर सोते समय जबरदस्ती दुष्कर्म किया था। पीड़िता इस मामले में मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने का लगातार चक्कर काट रही थी। 11 जून के अंक में छपी खबर के बाद झंगहा पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के हिसाब से आरोपी देवर रामविनीत उर्फ मन्दर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को भगने बन्धे के पास से रविवार को दिन में 11 बजे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने ससुर रामाज्ञा, सास विद्यावती, देवर सबलू और ननद शशिकला के विरुद्ध भी मुकदमा पंजीकृत किया है।

# लूटी गई चेन खरीदने वाले सर्राफ को दबोचा

पीपीगंज | हिन्दुस्तान संवाद

## कामयाबी

- फरेंदा में पकड़ा गया चेन स्नेचर, हड़हवा फाटक के पास चेन स्नेचिंग की घटना भी कबूला
- 27 जून को एल्युमिनियम फैक्ट्री हड़हवा फाटक के पास दिनदहाड़े हुई थी चेन लूट की घटना

शाहपुर इलाके के एल्युमिनियम फैक्ट्री के पीछे स्थित गली से 27 जून को स्कूटी सवार महिला ने दिनदहाड़े लूट करने का आरोपित महराजगंज के फरेंदा में पकड़ा गया है। फरेंदा पुलिस ने चेन स्नेचिंग के आरोप में उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने गोरखपुर के शाहपुर में हुई घटना को भी कबूल किया है।

यही नहीं, लूट की सोने की चेन खरीदने के आरोप में फरेंदा पुलिस ने पीपीगंज के एक सर्राफा को भी गिरफ्तार किया है। फरेंदा की चेन स्नेचिंग और शाहपुर में हुई चेन स्नेचिंग की वारदात में शामिल दोनों चेन सर्राफा ने खरीदी थी। मिली जानकारी के अनुसार पीपीगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर छह निवासी राहुल वर्मा की पीपीगंज में सोने-चांदी की दुकान है। 27 जून को गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में एल्युमिनियम फैक्ट्री के पीछे बाइक सवार बदमाश ने स्कूटी सवार महिला के गले से चेन खींच ली थी। इस बीच आरोपित ने फरेंदा इलाके में भी एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली थी। फरेंदा पुलिस ने आरोपित को दबोचा तो उसने फरेंदा की चेन स्नेचिंग के साथ ही गोरखपुर के शाहपुर की चेन स्नेचिंग को भी स्वीकार किया। पूछताछ में पता चला कि उसने दोनों चेन पीपीगंज के स्वर्ण कारोबारी राहुल वर्मा की दुकान पर बेची है।

महराजगंज जिले की फरेन्दा पुलिस टीम ने शनिवार को पीपीगंज से स्वर्ण कारोबारी राहुल वर्मा को दबोचा लिया। पीपीगंज थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि चेन लुटेरे ने राहुल वर्मा की दुकान पर सोने की चेन बेचने की बात स्वीकार की थी। उसको पकड़कर फरेन्दा पुलिस ले गई है। शाहपुर थानेदार आनंद प्रकाश ने बताया कि शाहपुर के हड़हवा फाटक के इलाके में 27 जून को हुई चेन स्नेचिंग की वारदात को उसे स्वीकार की है।

# गरीबी ने मां को बच्चा बेचने के लिए किया था विवश

गोरखपुर | **वरिष्ठ संवाददाता**

गरीबी से उबरने को लेकर सलमा खातून ने अपने तीन महीने के कलेजे के टुकड़े को बेच दिया था। हालांकि पति व अन्य लोग जब बच्चे के बारे में पूछेंगे तब वह उनसे क्या बताएगी, इस डर को दूर करने के लिए उसने बच्चे के अपहरण की कहानी गढ़ दी थी। मामला सामने आने के बाद पुलिस से लगायत अन्य लोग सन्न हैं।

सलमा ने पुलिस को बताया कि बच्चे को बेच कर वह अपनी आर्थिक तंगी दूर करना चाहती थी और पति का कर्ज चुकाना चाहती थी। हालांकि इस पूरी कहानी में सलमा का पति भी शामिल है या नहीं, इस पर वह ज्यादा कुछ नहीं बता रही है लेकिन पुलिस पूछताछ कर जानने की कोशिश जरूर कर रही है।

गोरखनाथ के रसूलपुर के शमशाद कबाड़ का काम करता है। शमशाद के चार बच्चे हैं। उसकी पत्नी ने जिस बच्चे को बेचा था वह सबसे छोटा और तीन महीने का है। दरअसल शादी के बाद शमशाद परिवार के अन्य सदस्यों से अलग सलमा के साथ रसूलपुर मोती बगिया में रहने लगा। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में पता चला कि सलमा के पति के ऊपर पांच हजार रुपये का कर्ज था। सलमा ने कर्ज चुकाने के साथ ही घर का खर्च चलाने के लिए यह कदम उठाया था। सलमा ने यह तय किया था कि उसके तीन बच्चे पहले से हैं अगर एक बच्चे के न होने से उसके परिवार पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा और यह बच्चा गरीबी से उबरने में उसकी मदद भी करेगा।

**औलाद की चाहत में गोद लिया है बच्चा :** सलमा के तीन महीने के बेटे को खरीदने वाली मां के पास भी कोई औलाद नहीं है। वह सलमा के बेटे को अपना औलाद बनाना चाहती थी। शायद इसलिए उसने सलमा से यह सौदा किया था। हालांकि बच्चे को खरीदने वाली महिला का कहना है कि उसने बच्चे को गोद लिया है। इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने बताया कि सलमा और उस खरीदार महिला के बीच बातचीत के बाद रविवार को सलमा ने उसे बच्चा दिया है। दूसरी महिला ने भी गोद लेने की बात कही है।

## बेबसी

- **पति करता है कबाड़ का काम, पांच हजार रुपये का है कर्जदार**
- **पति का कर्ज चुकाने व आर्थिक तंगी दूर करने को उठाया कदम**
- **लोगों के सवालों से बचने के लिए गढ़ी अपहरण की कहानी**

## सीसीटीवी फुटेज ने खोली बच्चे के 'अपहरण' की पोल

गोरखपुर। गोरखनाथ इलाके में तीन माह के बच्चे के अपहरण की गुत्थी पुलिस ने एक घंटे में ही सुलझा दी। इसके पीछे बच्चे की मां ही थी। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो महिला कई तरीके की बात करने लगी, जिसपर पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने घटनास्थल से ही सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी में ही शातिर मां की हरकतें कैद हो गई थी। मासूम की मां ने जिस महिला पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया, वह खुद घटनास्थल पर उससे काफी देर बात करती कैमरे में कैद हो गई थी। इसके बाद महिला ने एक ई-रिक्शा रूकवाया और बच्चे को उस महिला के हाथों में सौंप दिया। इसके बाद बच्चे को लेकर महिला फरार हो गई। एसपी सिटी ने बताया कि फुटेज के आधार पर बच्चे को लेकर गई महिला को ट्रेस करना शुरू किया गया और आखिरी फुटेज उसका हुमायूंपुर रोड पर मिला।

> बच्चे का न तो अपहरण हुआ और न ही उसकी चोरी हुई है। बच्चे को जिस महिला के पास से बरामद किया गया है वह सलमा की पहले से परिचित है। बच्चे को बेचने की बात सामने आ रही है लेकिन जिस महिला पर खरीदने का आरोप है उसका कहना है कि उसने गोद लिया है। महिला से गोदनामा का पेपर मांगा जा रहा है। अगर वह कोई पेपर दिखाती है तो ठीक नहीं तो वह भी दोषी होगी। अभी तक तो पुलिस को झूठी सूचना देकर परेशान करने के लिए बच्चे की मां को ही दोषी माना जा रहा है।
>
> **-सोनम कुमार**, एसपी सिटी

# मोबाइल लूटने वाला गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कोतवाली पुलिस ने युवती का मोबाइल लूटने वाले बदमाश को रविवार की सुबह गिरफ्तार किया। गुलरिहा क्षेत्र के रहने वाले आरोपित के कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ है। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

सीओ कोतवाली वीके सिंह ने बताया कि गोरखनाथ क्षेत्र में आठ जुलाई की रात में नौ बजे बाइक सवार बदमाश ने हुमायूंपुर की रहने वाली सुकन्या कुमारी का मोबाइल छीन लिया था। चरन लाल चौक की तरफ से वह पैदल घर जा रही थी। घटना के बाद सुकन्या ने शोर मचाते हुए बाइक सवार बदमाश का पीछा किया लेकिन वह भाग गया। तहरीर के आधार पर लूट का केस दर्ज कर कोतवाली पुलिस छानबीन कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर बेनीगंज चौकी प्रभारी ने रविवार की सुबह गुलरिहा क्षेत्र में तंरग ओवर ब्रिज के पास गुलरिहा के मोगलहा निवासी विजय निषाद को गिरफ्तार किया। उसके पास से घटना में इस्तेमाल बाइक और लूटा गया मोबाइल बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ रामगढ़ताल और कैंपियरगंज थाने में भी लूट का केस दर्ज है। पुलिस इस मामले में केस दर्ज करने के बाद से ही बदमाश की तलाश में जुटी थी। आखिरकार उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# वध की सूचना पर पहुंची पुलिस, मांस बरामद

**भटहट।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट ग्राम पंचायत के बड़हरिया टोला में प्रतिबंधित पशु के वध होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से मांस व पशु के शरीर के टुकड़े बरामद की है। मौके से पशुवध के आरोपित फरार हो गए। रविवार की शाम लगभग 5 बजे भटहट चौकी पुलिस को सूचना मिली कि बड़हरिया में प्रतिबंधित पशु का वध कर मांस की बिक्री की जा रही है। चौकी प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह मय हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंच गए।

# गोरखनाथ में 50 हजार में मां ने बेच दिया मासूम

गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता

## शर्मनाक

- मां ने पुलिस को दी तीन महीने के बच्चे के अपहरण की झूठी सूचना
- एक घंटे में पुलिस ने बच्चा किया बरामद, महिला भी पकड़ी गई

गोरखनाथ इलाके में आर्थिक तंगी से जूझ रही मां ने महज 50 हजार रुपए में तीन महीने के मासूम बेटे को एक महिला को बेच दिया और घटना को छिपाने के लिए बेटे के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ दी। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक घंटे के अंदर न सिर्फ बच्चे को बरामद कर लिया बल्कि उस महिला को भी पकड़ लिया जिसने बच्चा खरीदा था। बच्चा खरीदने वाली महिला और बच्चे की मां दोनों पुलिस हिरासत में हैं।

गोरखनाथ के इलाहीबाग की रहने वाली सलमा खातून पत्नी शमशाद ने रविवार शाम गोरखनाथ पुलिस को सूचना दी कि वह रसूलपुर स्थित शहनाई मैरिज हाउस के पास से पैदल गुजर रही थी। इस बीच लाल रंग की साड़ी पहनी एक महिला आई और उसके बच्चे को छीन कर चार पहिया गाड़ी से फरार हो गई। पुलिस तत्काल एक्शन में आ गई। एसपी सिटी सोनम कुमार मौके पर पहुंच गए और पड़ताल शुरू कर दी।

सीसीटीवी ने खोला राज पेज 04

# शिकायत पर केस आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कक्षा आठ में पढ़ने वाली छात्रा की अश्लील तस्वीर बनाकर उसे ब्लैकमेल करने के आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित खोराबार इलाके का रहने वाला है और छात्रा गुलरिहा के एक गांव की है जबकि घटना चिलुआताल इलाके में रिश्तेदारी में हुआ था।

गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव की 13 वर्षीय किशोरी कक्षा 8 की छात्रा है। उसकी बड़ी बहन की शादी चिलुआताल थाना क्षेत्र में हुई है। चार माह पूर्व किशोरी अपने बहन के वहां गई थी वहीं पर खोराबार थाना क्षेत्र के तकिया रुद्रपुर गांव निवासी राजीव उर्फ बंटी भी रिश्तेदारी में किशोरी के बहन के वहां गया था। बंटी ने किशोरी की आपत्तिजनक तस्वीर व वीडियो बनाकर किशोरी को चार माह से ब्लैकमेल कर रहा है।

# महिला की हत्या में वन विभाग का वॉचर गिरफ्तार

**गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता**

गुलरिहा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर टोला भगवानपुर में टिकरिया जंगल के पास शुक्रवार को झोपड़ी में महिला की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने महिला के पति द्वारा नामजद किराए गए आरोपित वन विभाग के वाचर बिकाऊ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक वन वाचर बिकाऊ ने की गला दबाकर महिला हत्या की थी और वह गोरखपुर से भाग निकला था।

महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र के रजौड़ कला निवासी बुटेली की पत्नी रंभा गुलरिहा थाना क्षेत्र के टिकरिया जंगल के पास हुंडा पर खेती की जमीन लेकर खेती-बारी करती थी। वहीं पर झोपड़ी डालकर वह रहती थी। आरोप है कि उसका संबंध टिकरिया जंगल में कार्यरत वाचर बिकाऊ पुत्र राम सेवक निवासी ग्राम बोदरहिया थाना पनियरा से हो गया था। दो वर्ष पूर्व बिकाऊ को वन विभाग ने निकाल दिया था। उसके बाद भी उसका अक्सर वहां आना-जाना लगा रहता था। कुछ दिन पूर्व लकड़ी कटान को लेकर भी रम्भा से उसका विवाद हुआ था। आरोप है कि गुरुवार की रात में रम्भा की झोपड़ी पर बिकाऊ पहुंचा और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। पुलिस के मुताबिक विकाऊ बस पकड़कर बाहर भाग रहा था कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे उन्नाव जिले में पकड़ लिया। पकड़े जाने की सूचना के बाद गुलरिहा पुलिस शनिवार को उन्नाव पहुंची और रविवार की सुबह गुलरिहा थाने लेकर पहुंची।

# शातिर लुटेरा पुलिस के हत्थे चढ़ा

गोरखपुर | **निज संवाददाता**

कोतवाली पुलिस ने रविवार को दिन में तरंग ओवरब्रिज के नीचे से एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से लूट का मोबाइल और एक बाइक बरामद किया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र से 8 जुलाई की रात गोरखनाथ क्षेत्र के हुमायूंपुर निवासी सुकन्या कुमारी का बदमाश मोबाइल लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस बदमाश की तलाश में लगी हुई थी। कोतवाल कल्यान सिंह सागर मुखबिर की सूचना पर एक शातिर लुटेरे को रविवार को दिन में तरंग ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से लूटा गया मोबाइल और बाइक बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान गुलरिहा क्षेत्र के सेमरा नंबर 2 मोगलहा निवासी विजय निषाद के रूप में हुई। उसके खिलाफ कोतवाली के अलावा कैम्पियरगंज व रामगढ़ताल थाने में भी लूट का मुकदमा दर्ज है।

## मनमुटाव होने पर पूर्व वाचर ने की थी महिला की हत्या

**जासं,गोरखपुर**: मनमुटाव होने पर पूर्व वाचर ने झोपड़ी में सोते समय महिला की गला दबाकर हत्या की थी। मोबाइल को जंगल के पास फेंककर फरार हो गया था। रविवार की सुबह गुलरिहा पुलिस ने पनियरा के रहने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि महराजगंज जिले के पनियरा क्षेत्र स्थित रजौड़ा गांव निवासी बुटेली की गुलरिहा के भगवानपुर गांव में ससुराल है। उसकी पत्नी रंभा मायके में ही टिकरिया नर्सरी के पास बटाई पर खेत लेकर किसानी करती थी। खेत में ही झोपड़ी डालकर रहती थी। परिवार के लोग आते-जाते रहते थे। टिकरिया नर्सरी में वाचर के पद पर तैनात रहे पनियरा के बोदरहिया गांव के बिकाऊ पासवान की जान पहचान रंभा से थी। दो साल पहले वन विभाग के अधिकारियों ने उसे हटा दिया था। इसके बाद भी उसका आना-जाना था। तीन माह पहले किसी बात को लेकर रंभा से उसका मनमुटाव हो गया। गुरुवार की रात में उसने झोपड़ी में उसे अकेला पाकर गला दबा दिया।

## युवती का मोबाइल लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : कोतवाली पुलिस ने युवती का मोबाइल लूटने वाले बदमाश को रविवार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल मिला। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

सीओ कोतवाली वीके सिंह ने बताया कि 8 जुलाई की रात बाइक सवार बदमाश ने हुमायूंपुर की सुकन्या कुमारी का मोबाइल छीन लिया था। वह चरन लाल चौक की तरफ से पैदल घर जा रही थीं। मुखबिर की सूचना पर बेनीगंज चौकी प्रभारी ने तंरग ओवरब्रिज के पास गुलरिहा के मोगलहा निवासी विजय निषाद को गिरफ्तार किया।

# राघवेंद्र समेत 12 बदमाश निशाने पर

**सख्ती**

- एडीजी ने एसटीएफ को भेजी है जोन के सभी इनामी बदमाशों की सूची
- 50 हजार के इनामी अभोरिक की गिरफ्तारी के बाद सक्रिय हुई पुलिस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जोन के इनामी बदमाशों को दबोचने में पुलिस को खास सफलता नहीं मिली है। जोन के 17 इनामी बदमाशों में बीते दो माह में सिर्फ पांच पकड़े गए। ऐसे में बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ टीम से भी मदद लेने का निर्णय लिया गया है। ढाई लाख के इनामी राघवेंद्र समेत 12 बदमाशों की सूची एडीजी ने एसटीएफ को सौंपी है।

झंगहा थाने के सुगहा गांव निवासी ढाई लाख के इनामी राघवेंद्र सहित जोन के 12 बदमाशों को दबोचने में पुलिस टीम विफल है। शाहपुर के चिकित्सक डा.केके मिश्रा के अपहरण के आरोपित व 50 हजार के इनामी मऊ जिले के मधुबन थाना के सिहलिया निवासी अभोरिक को भी पुलिस 14 वर्ष बाद पकड़ सकी।

तमाम कोशिशों के बावजूद गोरखपुर जोन पुलिस को ढाई लाख रुपये के इनामी बदमाश की गिरफ्तारी में कामयाबी नहीं मिली। ऐसे में बदमाशों की धरपकड़ के लिए एसटीएफ को राघवेंद्र समेत 12 इनामी बदमाशों का विवरण भेजा गया है। राघवेंद्र के अलावा अन्य बदमाशों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित है।

जोन के सभी पुलिस कप्तानों व क्राइम ब्रांच के प्रभारियों निर्देशित किया है कि वे बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए शिद्दत से जुटें। एडीजी अखिल कुमार का कहना है कि इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए जोन के सभी पुलिस कप्तान व क्राइम ब्रांच के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। कोशिश होगी कि वांछित बदमाशों को जल्द सलाखों के पीछे भेजा जा सके।

---

### गोरखनाथ क्षेत्र के रसूलपुर की है घटना, फुटेज मिलने पर खुला भेद, पुलिस ने एक घंटे में बच्चा किया बरामद, महिला भी पकड़ी गई

# बच्चे को 50 हजार में बेचा, गढ़ी अपहरण की कहानी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर मां ने तीन माह के बच्चे को 50 हजार रुपये में दूसरी महिला को बेच दिया। पति के पूछने पर बेटे के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ दी। कंट्रोल रूम में फोन करने पर क्राइम ब्रांच के साथ पहुंची गोरखनाथ पुलिस ने मोहल्ले में लगे सीसी कैमरे की फुटेज देखा तो भेद खुल गया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक घंटे में बच्चे को बरामद कर लिया। बच्चा खरीदने वाली महिला और बच्चे की मां को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



बच्चे को गोद में लिए महिला की अपहरण की झूठी कहानी के बारे में जानकारी देते एसपी सिटी सोनम कुमार ● जागरण

गोरखनाथ थानाक्षेत्र के मोती बगिया की सलमा खातून रविवार की शाम छह बजे पति शमशाद के साथ गोरखनाथ थाने पहुंची। थानेदार को तहरीर देकर बताया कि रसूलपुर स्थित शहनाई मैरिज हाउस के पास से वह शाम को पैदल गुजर रही थी। पीछे से आयी महिला ने उसकी गोद से तीन माह के बेटे अरबाज को छीन लिया। लाल रंग की साड़ी पहने महिला कुछ दूरी पर खड़े चार पहिया गाड़ी में बैठकर फरार हो गई। थानेदार के जानकारी देने पर एसपी सिटी सोनम कुमार क्राइम ब्रांच की टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। सलमा के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने शहनाई मैरिज हाउस के पास लगे सीसी कैमरे की फुटेज खंगालना शुरू किया तो भेद खुल गया। एक जगह फुटेज में सलमा अपने हाथों से एक महिला को बच्चा देते हुए दिख गई। जिस महिला को उसने बच्चा दिया था, उसके सामने ही ई-रिक्शा रुकवाकर ले जाते दिखी। सलमा से पूछताछ की तो वह पुलिस को रसूलपुर मस्जिद के बाद स्थित शाही सिद्दीकी के घर ले गयी जहां से बच्चा बरामद हुआ। एसपी सिटी ने बताया कि शाही सिद्दीकी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि शादी के 11 साल बाद भी बच्चा नहीं हुआ था। एक परिचित ने बताया था कि एक महिला बहुत गरीब है उसके पास चार बच्चे है आप उसके तीन माह के बच्चे को ले लीजिए। सलमा 50 हजार रुपये में बच्चा देने को तैयार हो गई। लिखा पढ़ी होने पर आज रुपये लेकर खुद बच्चे को देकर गयी। सलमा ख़ातून ने बताया कि मैंने पति को नहीं बताया था। शाम को घर आने पर वह बच्चे को ढूंढने लगे तब थाने पहुंच गलत सूचना दी।

**कबाड़ बीनता है पति**

सलमा का पति शमशाद गोरखनाथ इलाके में कबाड़ का काम करता है। शादी के बाद से वह मोती बगिया में रहता है। परिवार के अन्य लोग रसूलपुर में ही दूसरे मकान में रहते हैं। शमशाद के चार बच्चे हैं जिसमें तीन बेटा और एक बेटी। सबसे छोटा बेटा तीन माह का है। सलमा ने पुलिस को बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पति के ऊपर लंबे समय से पांच हजार रुपये कर्ज है। जिसे चुकाने और घर का खर्च चलाने के लिए उसने बच्चे को बेचा था।

**नौसढ़ की रहने वाली महिला ने भी बेच दिया था बच्चा**

नवंबर 2020 में नौसढ़ की रहने वाली शिमला ने 10 हजार रुपये में अपने दो माह के बच्चे को बेच दिया था। गोरखनाथ क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने मध्यस्थता की थी। पुलिस के पूछने पर शिमला ने बताया था कि आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से परिवार के भरण-पोषण में कठिनाई आ रही थी जिसकी वजह से देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला को उसने बच्चा बेच दिया।

# शादी का झांसा देकर विधवा भाभी से दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, झंगहा :** झंगहा का एक युवक शादी का झांसा देकर बीते चार वर्षों से विधवा भाभी के साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित देवर, सास-ससुर व ननद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपित विनीत उर्फ मंदर को रविवार को गिरफ्तार किया है।

पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कहा कि चार वर्ष पूर्व पति की मौत के बाद आरोपित ने उसे शादी का झांसा दिया और दुष्कर्म करता रह। बीते 20 जून को देवरिया जिले के एक गांव में आरोपित की शादी तय हो गई। वह शिकायत करने मायके से ससुराल गई तो देवर, सास, ससुर व ननद ने उसे गाली देकर भगा दिया।

## कार्रवाई

- आरोपित देवर, सास-ससुर, सास व ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- चार साल पहले हो गई थी पति की मौत, उसके बाद करता रहा दुष्कर्म

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**हरपुर बुदहट :** घर में घुसकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में हरपुर बुदहट पुलिस ने रविवार को देवरिया निवासी आलोक राय को गिरफ्तार किया है।

थाना क्षेत्र की एक युवती ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसने तीन जून को घर में घुसकर उससे दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

## छेड़खानी का आरोप

**गोला :** गोला की एक युवती ने गांव के एक युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप लगाया है। युवती ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि शनिवार रात दस बजे वह घर में सो रही थी। इस दौरान गांव का एक युवक घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा।

## दुष्कर्म आरोपित गिरफ्तार

**गोला :** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में गोला पुलिस ने रविवार को कोहड़ी निवासी मेराज खां को पड़ौली बाजार के पास से गिरफ्तार किया है।

# डकैती की साजिश रचते आठ बदमाश गिरफ्तार

## गांधीनगर, बांदा, मुरादाबाद और बस्ती के रहने वाले हैं आरोपित, पूरे देश में करते हैं वारदात

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** शनिवार की रात डकैती की साजिश रच रहे आठ बदमाशों को रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बदमाश गांधीनगर(गुजरात), बांदा, महराजगंज, मुरादाबाद और बस्ती जिले के रहने वाले हैं। उनसे 315 बोर का तमंचा, कारतूस, चाकू व दो राड मिला।

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शनिवार रात में रामगढ़ताल थाना प्रभारी को सूचना मिली कि बदमाशों का गिरोह लहसड़ी में फोरलेन अंडरपास के पास असलहे के साथ मौजूद है। चौकी प्रभारी आजाद चौक विशाल उपाध्याय, फलमंडी चौकी प्रभारी अक्षय मिश्रा के साथ उन्होंने बदमाशों को घेर लिया। फायरिंग कर बदमाशों ने भागने का प्रयास किया लेकिन दबोच लिए गए।

**ये हुए गिरफ्तार**

कैंपियरगंज के बसंतपुर का सांवर, बस्ती जिले के कलवारी क्षेत्र के सिकंदरपुर का सुनील कुमार,महराजगंज जिले के नौतनवा थानाक्षेत्र का परसा निवासी मोहम्मद सारिक उर्फ सलीम, बांदा जिले के चिल्ला थानाक्षेत्र स्थित अतरहट का सुरेश उर्फ शनि,मुरादाबाद, छजलैट के रसूलपुर चौरा का एहसान, गांधीनगर(गुजरात)के करनावती थानाक्षेत्र के अजीतपारा का कासिम, सरखेज निवासी अब्दुल शकूर और कच्छ जिले के गांधीधाम का रमेश।



रामगढ़ताल पुलिस के हत्थे चढ़े आठ बदमाश ● जागरण

**रामगढ़ताल पुलिस ने शनिवार की रात लहसड़ी के पास पकड़ा**

बदमाशों के पास से बरामद कंपास, जिसे लंदन में बना बताया जा रहा है।

### सिकरीगंज के युवक से खरीदा था तमंचा



बदमाशों ने सिकरीगंज के युवक से तमंचा खरीदा था। उन्होंने उसका मोबाइल नंबर भी पुलिस को दिया। एक माह पहले आजादनगर में प्रेमिका के घर पिस्टल के साथ पकड़े गए मनबढ़ ने भी सिकरीगंज के रहने वाले युवक का नाम लिया था।

### लंदन निर्मित कंपास के जरिये चुराते थे अष्टधातु की मूर्ति

**गोरखपुर** : बदमाशों से वर्ष 1820 में लंदन(ब्रिटेन) निर्मित कंपास (दिशा सूचक यंत्र) मिला है। जिसकी मदद से वे अष्टधातु की मूर्ति चुराने के साथ ही पहचान करते थे। पुलिस पीतल के कंपास को कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। कंपास गुजरात में गांधीनगर से चुराया गया था।

बदमाशों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पूरे देश में वह लूट, डकैती व चोरी करते हैं। कंपास के जरिये वह अष्टधातु की मूर्ति वाले मंदिर तक पहुंचते हैं। मूर्ति चुराने के बाद उसे गुजरात ले जाकर बेचते हैं। बड़हलगंज निवासी संदीप कुमार ने अष्टधातु की मूर्ति बेचने के लिए यहां बुलाया था। उसने तीन फोटो भी भेजा था। तीन दिन पहले गोरखपुर पहुंचने के बाद शहर के अलग-अलग होटल में ठहरे थे। शनिवार की रात में बस्ती के रहने वाले साथी सुनील कुमार के साथ वारदात के इरादे से निकले थे। गांधीनगर के रहने वाले कासिम ने बताया कि दो बार पहले भी वारदात करने गोरखपुर आए थे लेकिन सफल नहीं हुए। प्रभारी निरीक्षक रामगढ़ताल जेएन सिंह ने बताया कि बदमाशों ने कंपास को गांधीनगर से चुराने की जानकारी दी है,इसके बारे में जानकारी की जा रही है।

**पर्दाफाश**

- **अष्टधातु की मूर्ति चुराने के लिए बदमाश करते थे कंपास का इस्तेमाल**
- **गोरखपुर के अलग-अलग होटलों में ठहरे थे बदमाश, कंपास की पुलिस कर रही जांच**

# गला दबाकर हुई थी महिला की हत्या

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के टोला भगवानपुर में महिला की गला दबाकर हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। आरोपी को पुलिस ने उन्नाव से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

अमर उजाला फॉलोअप

पुलिस के मुताबिक मृतका के पति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पत्नी बच्चों के साथ रघुनाथपुर गांव स्थित मायके में रहती थी। गांव में बटाई पर खेत लेकर खेती करती थी। खेत में ही झोपड़ी डालकर फसलों की रखवाली करती थी।

इसी बीच पत्नी का संबंध वन विभाग के टिकरिया जंगल में कार्यरत वाचर बिकाउ पुत्र राम सेवक निवासी ग्राम बोदरहिया थाना पनियरा से हो गया था। दो वर्ष पूर्व बिकाउ को वन विभाग ने निकाल दिया मगर अक्सर उसका आना-

## आरोपित को उन्नाव से किया गिरफ्तार, मृतका का बिकाउ से था अवैध संबंध

जाना लगा रहता था। कुछ दिन पहले लकड़ी कटान को लेकर बिकाउ का विवाद महिला से हुआ था। युवक की पत्नी अक्सर मोबाइल फोन पर बिकाउ पर बात करने का दबाव बनाती थी। इससे बिकाउ का उसकी पत्नी से झगड़ा होता था। बिकाउ बृहस्पतिवार की रात महिला की झोपड़ी पर पहुंचा और उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। इसी बीच आरोपित के उन्नाव भागने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी की और उन्नाव पुलिस की मदद से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार की रात पुलिस की टीम उन्नाव गई और रविवार को आरोपित को लेकर गोरखपुर आ गई। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि अनैतिक संबंध में महिला की हत्या की गई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोपित को किया गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गुलरिहा इलाके की एक किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाले युवक को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी के पिता ने एसएसपी से मामले की शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

इलाके की एक 13 वर्षीय किशोरी, कक्षा आठ की छात्रा है। उसकी बड़ी बहन की शादी चिलुआताल थाना क्षेत्र में हुई है। चार माह पूर्व किशोरी अपने बहन के वहां गई थी, वहीं पर खोराबार थाना क्षेत्र का एक युवक भी रिश्तेदारी में गया था। उसने गोपनीय तरीके से किशोरी का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया

## किशोरी के पिता के एसएसपी से शिकायत करने के बाद दर्ज हुआ था मुकदमा

और किशोरी को चार माह से ब्लैकमेल कर रहा था। फोन कर बात करने को दबाव बनाता था। शनिवार को किशोरी की मां ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी थी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। जिसके बाद किशोरी के पिता ने एसएसपी दिनेश कुमार पी से मोबाइल पर बात करके शिकायत की, जिसके बाद गुलरिहा पुलिस ने धारा 354क, 507 आईपीसी व 67आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी गुलरिहा विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डकैती की साजिश रच रहे आठ अभियुक्त गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** डकैती की साजिश रच रहे आठ शातिर बदमाशों को रामगढ़ताल पुलिस ने शनिवार की देर रात लहसड़ी, गायघाट फोरलेन अंडरपास के पास से घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी में पकड़े गए बदमाशों के पास से एक तमंचा, एक कारतूस और चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सुनील कुमार निवासी सिकंदरपुर, बस्ती, एहसान निवासी रसूलपुर चौरी, मुरादाबाद, मो. सारिक उर्फ सलीम निवासी मौजा कोहडवल टोला परसा, नौतनवां, महराजगंज, काशिम निवासी अजीतपारा थाना करनावती,

## गायघाट फोरलेन अंडरपास के नीचे पुलिस ने दबोचा

गांधीनगर गुजरात, रमेश निवासी ग्राम गांधी धाम, कच्छ गुजरात, अब्दुल शकूर निवासी सरखेज गांधीनगर, गुजरात, सावंर निवासी ग्राम बसंतपुर टोला मंशापुरवा, कैंपियरगंज गोरखपुर तथा सुरेश उर्फ सनि निवासी अतरहट, बांदा के रूप में हुई है।

जिले में एसएससपी के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान के क्रम में रामगढ़ताल थाना प्रभारी निरीक्षक जगत नरायन सिंह को मुखबिर से महेवा बंधा कटनिया ढाला पर आठ लोगों के बैठे होने की सूचना मिली, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।

सूचना पर उप निरीक्षक अभिनव मिश्र सिपाहियों के साथ गायघाट, लहसड़ी फोरलेन अंडरपास के नजदीक पहुंचे तो देखते ही सबसे आगे खड़े व्यक्ति ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम ने सभी आठ व्यक्तियों को घेरबंदी कर पकड़ लिया।

## पुलिस बूथ के सामने तीन दुकानों में चोरी

**पीपीगंज।** कस्बे में शनिवार की रात चोरों ने पुलिस बूथ के सामने तीन दुकानों में हाथ साफ कर दिया। तीनों दुकानों में चोरी से सनसनी मच गई। पुलिस ने जल्द पर्दाफाश का दावा किया है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस बूथ के ठीक सामने स्थित दुकान बाला जी बेकर्स में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर रात को दुकान की छत का टीनशेड तोड़कर गल्ले में रखे 10 हजार रुपये नकद और कीमत खाने-पीने का सामान लेकर फरार हो गए। दुकान के बगल में सुरेंद्र जर्दा भंडार से भी हजारों रुपये और जर्दा, चोर लेकर फरार हो गए। इसी लाइन में जय बोले खोवा वाले के दुकान में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया लेकिन बर्तन के अलावा कुछ नहीं होने से खाली लौट गए। पीपीगंज थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया की मामले की जांच की जा रही है, चोरों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ब्यूरो

# दुष्कर्म के आरोपित देवर को किया गया गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

## भाई की मौत के बाद भाभी से दुष्कर्म करने का आरोप

**झंगहा।** भाभी को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के एक आरोपित को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि उनके पति की मौत के बाद उनका देवर शादी की बात कह कर चार वर्ष से दुष्कर्म कर रहा था। बीते 20 जून को देवर की शादी देवरिया जिले के एक गांव में तय हो गई। महिला का आरोप है कि जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने ससुराल के लोगों से आपबीती बताई। लेकिन, ससुराल वालों ने उनकी एक न सुनी और उल्टे पीड़िता को अपमानित करके संपत्ति से बेदखल करने की धमकी देते हुए भगा दिया।

पीड़िता ने शनिवार को झंगहा थाने में तहरीर दी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित देवर सहित सास, ससुर, तथा ननद खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### आरोपित को दबोचा

**हरपुर बुदहट।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से छेड़खानी व दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि तीन जून को एक युवक ने घर में घुस कर छेड़खानी की और दुष्कर्म किया। आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। रविवार सुबह 9.30 बजे के प्रभारी निरीक्षक उदय शंकर कुशवाहा, एसआई उदयभान सिंह, कांस्टेबल मिथिलेश यादव किसी मुकदमे की विवेचना के लिए क्षेत्र में निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि आरोपी कटसहरा स्थित एक चाय की दुकान पर खड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

अपराध

पुलिस ने एक घंटे में बच्चा किया बरामद, खरीदने वाली महिला भी पकड़ी गई

# मां ने 50 हजार में महिला को बेच दिया जिगर का टुकड़ा, फिर गढ़ी कहानी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखनाथ इलाके में एक मां ने 50 हजार रुपये में अपने तीन महीने के मासूम बेटे को एक अन्य महिला के हाथों बेच दिया। मां ने घटना को छिपाने के लिए बेटे के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ दी। खबर मिलते ही हड़कंप मच गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक घंटे के अंदर न सिर्फ बच्चे को बरामद कर लिया बल्कि उस महिला को भी पकड़ लिया जिसने बच्चा खरीदा था। बच्चा खरीदने वाली महिला और बच्चे की मां दोनों पुलिस की हिरासत में हैं। बच्चे को बेचने की वजह आर्थिक तंगी बताई जा रही है। पुलिस दोनों महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

रविवार शाम गोरखनाथ इलाके के इलाहीबाग की रहने वाली सलमा खातून पत्नी शमशाद ने गोरखनाथ पुलिस को सूचना दी कि वह रसूलपुर स्थित शहनाई मैरिज हाउस के पास से पैदल गुजर रही थी। इस बीच लाल रंग की साड़ी पहनी हुई एक महिला आई। उसने उससे बच्चे छीना और चार पहिया गाड़ी से फरार हो गई। बच्चे के अपहरण की सूचना पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में एसपी सिटी सोनम कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की पड़ताल शुरू कर दी। पूछताछ में महिला अपना बयान बदलने लगी तो पुलिस को शक हुआ।

### सीसीटीवी से पकड़ी गई झूठी कहानी, दोनों महिलाओं से पूछताछ जारी

पुलिस ने घटनास्थल से ही सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी में ही शातिर मां की हरकतें कैद हो गई थीं। मासूम की मां ने जिस महिला पर बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया वह खुद घटनास्थल पर उससे काफी देर बात करती हुई कैमरे में कैद हो गई थी। इसके बाद महिला ने एक ई-रिक्शा रुकवाया और बच्चे को उस महिला के हाथों में सौंप दिया। बच्चे को लेकर वह महिला चली गई।

एसपी सिटी ने बताया कि फुटेज के आधार पर बच्चे को लेकर गई महिला को खोजना शुरू किया गया। आखिरी फुटेज उसका गोरखनाथ थाने के बगल वाली गली में मिला जबकि हुमायूंपुर रोड पर आखिरी लोकेशन पायी गई। इसी आधार पर पुलिस ने शाही सिद्दीकी नाम की महिला को पकड़ लिया और बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। एसपी सिटी ने बताया कि मां ने ही बच्चे को 50 हजार रुपये में दूसरी औरत के हाथों बेच दिया था।

**पति को भी नहीं दी जानकारी** : सलमा खातून ने बेटे को बेचने की जानकारी पति को भी नहीं दी थी। काम से पति लौटा तो छोटे बेटे को नहीं देखने पर सलमा से सवाल-जवाब किया। इसके बाद भी सलमा ने पति शमसाद को जानकारी नहीं दी। पति को गुमराह करने के लिए ही बेटे के अपहरण की कहानी तक गढ़ डाली।



बच्चे के अपहरण की सूचना पर एसपी सिटी सोनम कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की पड़ताल शुरू कराई। संवाद न्यूज एजेंसी

## परिवार से अलग रहती है सलमा

**अब** पुलिस पड़ताल में लगी है कि बच्चे को उसकी मां ने क्यों बेचा? प्राथमिक जानकारी में आर्थिक तंगी की बात सामने आई है। महिला के देवर तबरेज ने बताया कि मेरे बड़े भाई शमशाद गोरखनाथ इलाके में कबाड़ का काम करते हैं। शादी के बाद से ही वह अपने परिवार के साथ रसूलपुर मोती बगिया में रहते हैं। परिवार के अन्य लोग रसूलपुर में ही दूसरे मकान में रहते हैं। शमसाद के चार बच्चे हैं। तीन बेटे और एक बेटी है। सबसे छोटा बेटा जो तीन महीने का है, उसी के अपहरण की कहानी भाभी सलमा ने गढ़ी है। इससे पहले परिवार में किसी तरह का कोई विवाद नहीं था।

## गरीबी का फायदा उठाकर खरीदा बच्चा

***मासूम** को खरीदने वाली शाही सिद्दीकी को पुलिस ने पकड़ लिया है और पूछताछ कर रही है। पुलिस को जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक शाही सिद्दीकी की शादी 11 वर्ष पहले हुई थी। उसके बच्चे नहीं हैं। लिहाजा, किसी ने सलमा की जानकारी दी और कहा कि वह गरीब है। उसके तीन बेटे व एक बेटी है। इसी आधार पर सलमा खातून से संपर्क साधा था। 50 हजार में बच्चे को देने पर सहमति बनी और इसकी लिखा-पढ़ी भी हुई थी।*

DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

राष्ट्रीय सहारा दि. 12/7/21

# पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए जी-13 आवास का हो रहा निर्माण : एसपी

**डीएम व एसपी ने सेन्ट्रल चौकी परिसर स्थित जीर्णोद्धार किए गए आवासों का किया लोकार्पण**

देवरिया(एसएनबी)। रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन एवं एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत सेन्ट्रल चौकी परिसर स्थित जीर्णोद्धार किए गए आवासों का लोकार्पण किया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कहा कि सेन्ट्रल चौकी परिसर स्थित आवासों का जीर्णोद्धार होने से यहां उपस्थित पुलिस के परिवार को रहने में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार के सुविधाओं के दृष्टिगत शासन द्वारा भी कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र में शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस कर्मियों की एक अहम भूमिका होती है। हमारा भी दायित्व है कि पुलिस कर्मियों की सुविधाओं एवं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनका निस्तारण किया व कराया जाए। ताकि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना किसी चिंता के करें।

पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने कहा कि मेरे द्वारा जब सेन्ट्रल पुलिस चौकी आवासीय परिसर का निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि आवासीय परिसर काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। कुल 72 आवासों में आवासित पुलिसजनों के परिवार के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके पश्चात नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आवासीय परिसर के जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया। जहां आवास के बारजों, रंगाई पुताई, पूरे छत का मरम्मत आदि एवं लोगों के आवास में जो भी छोटी से छोटी समस्या थी उनका समाधान कराया गया।

उन्होंने कहा कि पुलिसजनों की सुविधा के दृष्टिगत पुलिस लाइन में जी-13 आवास का निर्माण कराया जा रहा है। पुलिस कर्मियों की सुविधाओं के दृष्टिगत पुलिस लाइन में जी-4 महिला हास्टल तथा गरूणपार में जी-8 हास्टल का निर्माण प्रगति पर है। निर्माणाधीन आवासीय परिसर व हास्टल में अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ पुलिस कर्मियों को मिलेगा। जहां वह एवं उनका परिवार उक्त लाभ को लेते हुए निवासित करेगा। पुलिसजन द्वारा पूर्ण मनोयोग से कार्य किया जायेगा।

मालूम हो कि आवासीय परिसर में कुल 72 आवास हैं, जिसमें पुलिस कर्मियों के परिवार निवास करते हैं। पुलिस कर्मियों के मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सेन्ट्रल चौकी स्थित आवासीय परिसर का जीर्णोद्धार कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन/नगर श्रीयश त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पाण्डेय एवं पुलिसजनों के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि. 12/7/21

# युवती को पीआरवी ने परिजनों से मिलवाया

**देवरिया(एसएनबी)।** घर से नाराज हो गाजीपुर से देवरिया पहुंची युवती को पीआरवी ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इवेंट संख्या 7388 शनिवार की रात्रि 11 बजे कॉलर हरि नारायण यादव पुत्र राम अवध यादव गार्ड आइसीआइसीआइ बैंक गोरखपुर रोड ने बताया कि एक महिला अकेली लावारिश है। इस सूचना पर पीआरवी 1456 पर तैनात प्रभारी आरक्षी सौरभ त्रिपाठी, महिला आरक्षी चंदन यादव व पुष्पा गुप्ता, होमगार्ड चालक चंदन मिश्रा तत्काल मौके पर पहुंचे। पूछताछ में महिला द्वारा अपना नाम व पता अनीता यादव पुत्री वीरेंद्र सिंह यादव निवासी बारापुर थाना कासिमाबाद जिला गाजीपुर उम्र 25 वर्ष बताया गया। महिला ने घर से नाराज होकर भागने की बात कही। इसके बाद पीआरवी द्वारा जरिये दूरभाष महिला के पिता को सूचित किया गया। प्रभारी निरीक्षक को अवगत कराया गया। महिला को वन स्टाप सेन्टर में रखवाया गया। अगले दिन उसके पिता को बुलाकर सुपुर्द किया गया। पुलिस के इस कार्य की युवती के पिता ने प्रशंसा किया।

राष्ट्रीय सहारा दि. 12/7/21

# बिजनस करने के लिए प्रेमी को दी थी जेवर व नगदी

## चोरी का खुलासा

**भागलपुर (एसएनबी)**। मईल थाना क्षेत्र के बलिया दक्षिण गांव में शुक्रवार की रात वृद्ध महिला के घर चोरी के मामले में पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। युवती ने अपने प्रेमी को घर बुलाकर नकदी,जेवर विजनेस करने के लिए दे दिया था। युवक से युवती की शादी होनी है। सामान ले जाने वाले युवक ने नकदी और आभूषण वापस लौटा दिया है।

शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के ग्राम बलिया दक्षिण गांव निवासी चन्द्रावत्ती देवी पत्नी गोरख साहनी ने मईल पुलिस को घर में चोरी होने की अज्ञात चोरों के विरूद्ध तहरीर दी थी। चोरों ने घर के अंदर घुस कर दो बक्सा और अटैची का ताला तोड़कर लाखों रुपए की सोने चांदी के आभूषण और तेईस हजार रुपए की चोरी हो गई है। रविवार को पुलिस ने चोरी की घटना की तहकीकात किया तो मामला चौकाने वाला सामने आया। घर के मोबाइल नंबरों को चेक किया तो पता चला कि चोरी नही हुई है। घर की युवती ने ही शादी होने वाले युवक को घर बुलाकर सारा सामान दे दिया था और घर में चोरी होने की कहानी रच डाली।

थानाध्यक्ष मईल भवानी भीख राजभर ने बताया कि घर की एक किशोरी का विवाह रूद्रपुर के एक युवक से होना है। दोनों युवक और युवती का ननिहाल पड़ोस में ही है। विवाह पूर्व युवक को व्यवसाय करने के लिए युवती ने युवक को नकदी एवं लाखों के आभूषण दिया। सुबह बात फैली तो युवक ने परिजनों से बात कर सामान वापस लौटा दिया।

हिन्दुस्तान दि 12/7/21

# मां ने डांटा तो युवती नाराज होकर घर से निकली

देवरिया | निज संवाददाता

मां की डॉट से नाराज होकर युवती शनिवार को घर से निकल गई। युवती रविवार की दोपहर में शहर के गोरखपुर रोड पर पहुंची। युवती को अकेले देख कर आईसीआईसीआई बैंक के गार्ड ने डायल 112 को सूचना दिया। डायल 112 मौके पर पहुंच कर युवती को अपने साथ ले जाकर वन स्टाप सेंटर पहुंचाया। पुलिस ने युवती के पिता को उसके बारे में जानकारी दी।

गाजीपुर जिले के कासिमाबाद थाना क्षेत्र बारापुर गांव के रहने वाली अनीता यादव पुत्री वीरेंद्र सिंह को उसकी मां ने शनिवार को किसी बात को लेकर डॉट दिया था। जिससे वह नाराज होकर घर से निकल गई थी। रविवार की दोपहर में वह शहर के गोरखपुर रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा पर पहुंची। जहां वह बैंक के एक तरफ काफी देर तक बैठी रही। मनबढ़ युवक युवती को देख कर चक्कर लगा रहे थे। यह देख कर आईसीआईसीआई बैंक के गार्ड हरिनारायण यादव ने युवती के बारे में डायल 112 को सूचना दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 के पीआरवी 1456 तत्काल मौके पर पहुंची। पीआरबी के प्रभारी आरक्षी सौरभ त्रिपाठी, महिला आरक्षी चंदन यादव, महिला आरक्षी पुष्पा गुप्ता, होमगार्ड चालक चंदन मिश्रा ने युवती के उसके बारे में जानकारी लेकर आलाधिकरियों को बताया। डायल 112 ने युवती के परिजनों को भी इसके बारे में जानकारी दी। डायल 112 ने युवती को वन स्टॉप सेन्टर में रखवाया।

## तरकुलहा देवी दर्शन को गया युवक हो गया गायब

रामपुर कारखाना। तरकुलहा देवी मंदिर दर्शन को निकला युवक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने पर तहरीर दिया है। परिजन 6 दिन से युवक की राह निहार रहे हैं। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव निवासी अभिमन्यु पांडेय उर्फ मन्नू 37 वर्ष चार भाइयों में तीसरे नंबर पर है। वह 6 जुलाई को घर से तरकुलहा देवी मंदिर दर्शन करने के लिए निकला। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। सभी मित्रों और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने पर युवक का कहीं पता नहीं चला। घबराए परिजन रविवार को थाने पहुंचे। गायब युवक के पिता हंसनाथ पांडेय ने थाने पर गुम होने की तहरीर दिया। युवक के घर वापस नहीं लौटने से मां राम शशि देवी, भाई दिलीप, शत्रुघ्न व चक्रवर्ती का रो रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा की युवक के गायब होने की तहरीर मिली है। छानबीन कर रिपोर्ट दर्ज किया जाएगा।

हिन्दुस्तान दि० 12/7/21

# आवासीय परिसर के जीर्णोद्धार का डीएम ने किया लोकार्पण



रविवार को कोतवाली के सेन्ट्रल चौकी परिसर स्थित आवासीय परिसर के जीर्णोद्धार का लोकार्पण डीएम आशुतोष निरंजन और श्रीपति मिश्र ने किया। ● हिन्दुस्तान

देवरिया | **निज संवाददाता**

डीएम आशुतोष निरंजन और श्रीपति मिश्र ने कोतवाली के सेन्ट्रल चौकी परिसर स्थित आवासीय परिसर के जिर्णोद्धार का लोकार्पण किया। दोनों अधिकारियों ने सीडीओ शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में फीता काटा। इस आवासीय परिसर में कुल 72 आवास हैं, जिसमें पुलिस कर्मियों के परिवार रहते हैं। पुलिस कर्मियों के मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते एसपी ने सेन्ट्रल चौकी स्थित आवासीय परिसर का जिर्णोद्धार कराया।

डीएम आशुतोष निरंजन ने कहा कि सेंट्रल चौकी स्थित आवासीय परिसर को जिर्णोद्धार होने से यहां उपस्थित पुलिस कर्मियों के परिवार को और बेहतर परिवेश दिया जा सकेगा। एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने कहा कि सेन्ट्रल पुलिस चौकी के आवासीय परिसर के निरीक्षण में पाया गया कि यह जगह काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। सभी पुलिसजनों के परिवार के साथ बात-चीत कर समस्याओं को सुना गया। इसके बाद

## सेंट्रल चौकी

- कोतवाली क्षेत्र के सेन्ट्रल चौकी परिसर में स्थित है आवासीय परिसर
- परिसर में हैं 72 आवास, पुलिस कर्मियों के परिवार करते हैं निवास

नियमानुसार आवास के छज्जे, रंगाई-पुताई, छत मरम्मत और आवास में छोटी से छोटी कमियों को भी ठीक कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिसजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस लाइन में जी-13 आवास का निर्माण कराया जा रहा है। वहीं पुलिस लाइन में जी-4 महिला हॉस्टल तथा गरूणपार में जी-8 हॉस्टल का निर्माण भी प्रगति पर है। निर्माणाधीन आवासीय परिसर व हॉस्टल के पूरा होने के बाद पुलिस कर्मियों को अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस दौरान सीओ सीटी श्रीयश त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाशचन्द्र पाण्डेय और पुलिसजनों के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# पुलिस पहुंची हुक्काबार, एक को हिरासत में लिया

देवरिया : शहर के न्यू कालोनी की तरफ 112 नंबर की अपाची से दो सिपाही गुजर रहे थे। इस बीच हुक्काबार में दो पक्षों में मारपीट के दौरान काफी शोर हो रहा था। शोर सुन कुछ दूरी पर जाकर सिपाही रुक गए। वहां एक युवक पहुंचा और बताया कि यहां हुक्काबार चलता है। दोनों कांस्टेबल हुक्का बार पहुंचे तो यहां भगदड़ मई गई। युवक व युवतियां यहां से भागने लगे। ऐसे में मारपीट कर रहे दो युवकों में एक को पुलिस ने पकड़ लिया और साथ ले गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 12/7/19

# शांति भंग में तीन का चालान

खुखुंदू, देवरिया : थाना क्षेत्र के पड़ौली गांव मे पत्थर उखाड़ने के विवाद को लेकर हुई कहासुनी विवाद बढ़ गया और आपस में दोनों पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों ने पुलिस को कार्रवाई के सूचना दिया। पुलिस इस मामले में तीन को शांति भंग में चालान कर दिया। पड़ौली गांव में पत्थर उखाड़ने के विवाद को लेकर कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। हुई मारपीट में सोनू पाल, कमला पाल व संतोष पाल को शांति भंग में चालान कर दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर तीन लोगों को शांति भंग में चालान किया गया है। जासं

दैनिक जागरण दि. 12/7/12

# घूम रही महिला को पुलिस ने स्वजन तक पहुंचाया

जासं, देवरिया : शहर के गोरखपुर रोड में पुरवा चौराहा के समीप शनिवार की रात रात 11 बजे अकेली एक महिला को घूमते हुए वहां आइसीआइसीआइ बैंक के गार्ड हरि नारायण यादव पुत्र राम अवध यादव ने महिला को रोक कर उसके बारे में जानकारी ली। उसके बाद 112 नंबर पर पुलिस को फोन कर इसकी सूचना दी।

उसने बताया कि एक महिला अकेली लावारिस है। यहां घूम रही है। पीआरवी 1456 तत्काल मौके पर पहुंची, महिला ने अपना नाम अनीता यादव पुत्री वीरेंद्र सिंह यादव निवासी बारापुर थाना कासिमाबाद जिला गाजीपुर उम्र 25 वर्ष बताया। महिला ने घर से नाराज होकर भागने की बात कही। पुलिस ने दूरभाष पर महिला के पिता को सूचित किया गया। प्रभारी निरीक्षक को भी इसके बारे में पुलिसकर्मियों ने जानकारी दी। महिला को वन स्टाप्र सेंटर में उसे रखवाया गया और अगले दिन उसके पिता को बुलाकर सिपुर्द किया गया। इस दौरान पीआरवी टीम में प्रभारी आरक्षी सौरभ त्रिपाठी, महिला आरक्षी चंदन यादव, पुष्पा गुप्ता मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि. 12/7/21

# पुलिसकर्मियों की समस्याएं शीघ्र निपटाएं

सेंट्रल चौकी स्थित आवासीय परिसर के जीर्णोद्धार का डीएम सीडीओ ने किया लोकार्पण

जागरण संवाददाता, देवरिया: कोतवाली क्षेत्र के सेंट्रल चौकी परिसर स्थित आवासीय परिसर के जीर्णोद्धार का लोकार्पण मुख्य अतिथि डीएम आशुतोष निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि सीडीओ शिवशरणप्पा जीएन ने किया। मुख्य अतिथि के साथ एसपी डा. श्रीपति मिश्र, विशिष्ट अतिथि सीडीओ ने फीता काटा।



सेंट्रल पुलिस चौकी स्थित आवासीय परिसर के जीर्णोद्धार का लोकार्पण करते डीएम आशुतोष निरंजन, सीडीओ शिव शरणप्पा जीएन दाएं, एसपी डा. श्री पति मिश्र • जागरण

मुख्य अतिथि डीएम ने कहा कि कहा गया कि सेंट्रल चौकी स्थित आवासीय परिसर का जीर्णोद्धार होने से यहां पुलिस के परिवार को रहने में कोई समस्या नहीं होगी। इसी क्रम में पुलिस परिवार की सुविधाओं को देखते हुए शासन द्वारा कार्य भी किया जा रहा है। क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मियों की एक अहम भूमिका होती है और हमारा भी दायित्व है कि पुलिसकर्मियों की सुविधाओं एवं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनका निस्तारण किया जाय। जिससे वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना किसी चिंता के करें।

एसपी ने कहा कि आवासीय परिसर में कुल 72 आवास हैं, जिसमें पुलिस कर्मियों के परिवार निवास करते हैं। पुलिस कर्मियों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सेंट्रल चौकी स्थित आवासीय परिसर का जीर्णोद्धार कराया गया। जिससे पुलिसकर्मियों के स्वजन को आवास में रहने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। पुलिसकर्मी पूरे मनोयोग से कर्तव्यों एवं दायित्वों का पालन करें। पुलिसजनों की सुविधा के लिए पुलिस लाइन में जी-13 आवास का निर्माण कराया जा रहा है तथा पुलिसकर्मियों की सुविधाओं को देखते हुए पुलिस लाइन में जी-4 महिला हास्टल तथा गरुणपार में जी-8 हास्टल का निर्माण प्रगति पर है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन व नगर श्रीयश त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाश चन्द्र पांडेय एवं पुलिसजनों के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण दि. 12/7/21

# मईल पुलिस ने किया चोरी का पर्दाफाश

भागलपुर, देवरिया : मईल थाना क्षेत्र के बलिया दक्षिण गांव में शनिवार की रात महिला के घर में हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश किया। चोरी का सामान ले जाने वाले युवक ने नकदी व आभूषण वापस कर दिया।

शनिवार को सुबह बलिया दक्षिण गांव की रहने वाल चंद्रावती देवी ने मईल पुलिस को तहरीर दी थी। उन्होंने कहा कि घर के अंदर रखे बक्सा व अटैची का ताला तोड़कर सोने, चांदी के आभूषण व 23 हजार रुपये चोर चुरा ले गए। पुलिस ने महिला के घर का मोबाइल की जांच की तो दंग रह गई। थानाध्यक्ष मईल भवानी भीख राजभर के मुताबिक, महिला के घर चोरी नहीं हुई थी। घर की एक युवती का विवाह रुद्रपुर के एक युवक से होना है। युवक और युवती का ननिहाल पड़ोस में ही है। विवाह पूर्व युवक को व्यवसाय करने के लिए युवती ने युवक को नानी के घर चुपके से बुला कर नकदी व लाखों के आभूषण दे दिया। मोबाइल पर युवक व युवती से बातचीत के अलावा मैसेज के आदान-प्रदान देख मामला खुल गया। जब बात फैली तो युवक ने सारा सामान वापस लौटा दिया।

अमर उजाला, दि. 12/7/21

# शहर में खुलेआम चल रहा हुक्का बार

## पुलिस ने एक को पकड़ा, सामान बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** शहर के कुछ जगहों पर कैफे, रेस्टोरेंट में लोगों को खुलेआम हुक्का पिलाया जा रहा है। पुलिस को न्यूकालोनी मोहल्ला में रविवार को एक हुक्का बार में हुई मारपीट के बाद पता चला कि यहां पर हुक्काबार का संचालन किया जाता है। पुलिस ने हुक्का बार का सामान बरामद कर एक युवक को हिरासत में लिया है।

शहर में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगने के बाद भी कई जगहों पर संचालन हो रहा है। शहर में करीब तीन जगहों पर रेस्टोरेंट की आड़ में हुक्का बार संचालित किया जा रहा है। दोपहर में शहर के न्यूकालोनी मोहल्ले में एक हुक्का बार में कुछ युवकों में मारपीट हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। इसी बीच पुलिस का अपाची दस्ता मौके पर पहुंचा तो लोगों ने हुक्का बार के बारे में बताया। पुलिस ने मौके से एक युवक को पकड़ लिया। जबकि अन्य फरार हो गए।

### मारपीट के बाद पुलिस को हुई जानकारी

सूत्रों का कहना है कि शहर में कई जगहों पर हुक्का बार का संचालन किया जा रहा है। शहर के भटवलिया चौराहे के पास एक दो मंजिली मकान में भी हुक्का बार चलाया जा रहा है। जहां पर रेस्टोरेंट की आड़ में दूर-दराज से युवक और युवतियां आती हैं। संचालक बेखौफ होकर अपना कारोबार कर रहे हैं। हुक्का बार में आने वाले युवकों पर नशा हावी होता जा रहा है। अभी कुछ माह पहले राघव नगर में हुक्का बार को पुलिस से सील कराया था। इसके चलते कुछ समय तक हुक्का बार चलाने वाले सहमें रहे लेकिन एक बार फिर से हुक्का बार का धंधा तेजी से आगे बढ़ रहा है। कोतवाल राजू सिंह ने बताया कि हुक्का बार के बारे में शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

अमर उजाला दि 12/7/21

# चोरी के जेवरात व नकदी पुलिस ने की बरामद

भागलपुर। मईल थाना क्षेत्र के बलिया दक्षिण गांव निवासी चन्द्रावती देवी पत्नी गोरख साहनी के घर हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया।

पीड़ित ने पुलिस को दिए तहरीर में घर के अंदर घुस कर बाक्स और अटैची का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण और 23 हजार रुपये चोरी की बात कही थी। पुलिस महिला के घर के मोबाइल से घटना का पर्दाफाश किया।

थानाध्यक्ष बी बी राजभर ने बताया कि इनके घर की एक युवती की शादी रुद्रपुर थाना क्षेत्र में होनी थी। जिस युवक से शादी होनी थी, उसकी ननिहाल और युवती की ननिहाल आसपास है। युवती ने विवाह पूर्व ही युवक को नानी घर चुपके से बुलाया। आभूषण और रुपये व्यवसाय करने के लिए दिया।

मोबाइल पर युवती से बातचीत और व्हाट्सएप पर मैसेज देखकर चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। *संवाद*

अमर उजाला दि 12/7/21

# मां से तकरार के बाद महिला ने घर छोड़ा पुलिस ने मिलाया

देवरिया। मायके में रह रही गाजीपुर जनपद की महिला की किसी बात पर उसकी मां से तकरार हो गई। इससे नाराज होकर महिला ने शुक्रवार की रात में घर छोड़ दिया और ट्रेन में सवार हो गई। सदर स्टेशन पर उतरने के बाद शहर में भटकने लगी तो निजी बैंक के गार्ड ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

गोरखपुर रोड पर प्राइवेट बैंक के पास रात में करीब 11 बजे एक महिला झोला लेकर खड़ी थी। बैंक के गार्ड हरि नारायण ने इसकी जानकारी 112 नंबर पर दी। मौके पर पीआरवी के जवान सौरभ त्रिपाठी, चंदन यादव, पुष्पा गुप्ता और चालक चंदन मिश्र पहुंच गए। पुलिस को देख कर महिला रोने लगी तो पुलिसकर्मियों ने उसको समझा कर चुप कराया। इसके बाद महिला ने पुलिस को बताया कि मां से तकरार के बाद वह घर से निकल गई है। पुलिस ने महिला को वन स्टेप सेंटर में रखवाया और परिजनों को जानकारी दी। रविवार को वन स्टेप पहुंचे महिला के पिता उसे अपने घर लेकर चले गए। संवाद

अमर उजाला दि. 12/7/21

# 'शांति व्यवस्था में पुलिस की भूमिका अहम'

## डीएम ने सेंट्रल पुलिस चौकी में आवासीय परिसर का किया लोकार्पण

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के सेंट्रल पुलिस चौकी परिसर स्थित आवासीय परिसर के जीर्णोद्धार के बाद रविवार को डीएम आशुतोष निरंजन ने लोकार्पण किया। कहा कि क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस कर्मियों की एक अहम भूमिका होती है। आवासीय परिसर का जीर्णोद्धार होने से पुलिसकर्मियों के परिवारजनों की दिक्कतें दूर होंगी।

उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शासन कार्य कर रहा है। पुलिस कर्मियों की सुविधाओं एवं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उनका निराकरण हमारा भी दायित्व है। जिससे वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन बिना किसी चिंता के कर सकें।

**पुलिसकर्मियों के लिए पुलिस लाइंस में तैयार हो रहे हैं हॉस्टल : एसपी**

पंचायत चुनाव एवं कोविड-19 में पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए चुनाव संपन्न कराने में पुलिस का बड़ा योगदान रहा है। समाज में पुलिस नियमों एवं कानून का पालन कराने के साथ ही पुलिस मित्र के रूप में भी कार्य कर रही है। इससे लोगों में पुलिस के प्रति नई छवि का जन्म हुआ है। एसपी डा. श्रीपति मिश्र ने कहा कि पुलिस लाइंस में जी-13 आवास का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि जी-4 महिला हॉस्टल तथा गरूणपार में जी-8 हॉस्टल का निर्माण प्रगति पर है। एसपी ने कहा कि निर्माणाधीन आवासीय परिसर व हॉस्टल में अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ पुलिस कर्मियों को मिलेगा। सीडीओ शिवशरणप्पा जीएन, क्षेत्राधिकारी लाइंस व नगर श्रीयश त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक प्रकाशचंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# पांच जुआरी पकड़े गए

**खड्डा।** खड्डा पुलिस ने रविवार की शाम कस्बे के इन्दिरानगर मोहल्ले में छापा मार जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। सूचना मिली थी कि इंदिरानगर मोहल्ला स्थित एक मकान में जुआ खेला जा रहा है। कस्बा इन्चार्ज रमाशंकर यादव, सिपाही बाबूलाल चौहान, प्रमोद यादव, मटरू यादव के साथ मौके पर पहुंच पांच जुआरियों को हिरासत ले लिया। उनके पास से 23 सौ रुपये बरामद किया गया।

# छापेमारी में शराब बरामद, लहन नष्ट

**राजापाकड़।** तुर्कपट्टी थाने की पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने रविवार की शाम थानाक्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 15 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए तीन कुंतल लहन नष्ट कर दिया।

# मुनीम को बंधक बनाने वाले दुकान के मालिक पर केस

**अहिरौली बाजार | हिन्दुस्तान संवाद**

अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र निवासी शराब दुकान के मुनीम को बंधक बनाये जाने के मामले में मुनीम की पत्नी के तहरीर पर शराब दुकान के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गोरखपुर के चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुशहरा निवासी मारुति नंदन सिंह की कुशीनगर जिले के थाना तुर्कपट्टी क्षेत्र के देवपोखर में देसी शराब की दुकान है।

वहां अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम होलियां परतावल निवासी नंदगोपाल सिंह मुनीम का कार्य करता था । छह माह तक नंदगोपाल ने शराब की दुकान पर कार्य किया। इसी बीच मारूतिनंदन दुकान पर पहुंचे और हिसाब करने के बाद मुनीम से बात किए और दुकान में पौने पांच लाख रुपये के घपला बताते हुए मुनीम को दुकान से हटा दिये थे। नंदगोपाल की पत्नी सुमित्रा ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसी पैसे के लिए दुकान के मालिक मारुतिनंदन सिंह अपने सहयोगियों के साथ उसके पति को 10 जुलाई शनिवार की शाम को होलिया परतावल पहुंचे जहां से उसके पति को अपने साथ उठा ले गए। सुमित्रा का आरोप है कि उसके पति को बंधक बनाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसओ अहिरौली बाजार संजय कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात ही शराब की दुकान के मालिक मारुति नंदन सिंह एवं उनके सहयोगी गोलू सिंह निवासी मंगलपुर थाना श्यामदेऊरवा जिला महाराजगंज और मुनीम नंद गोपाल को हिरासत में लेकर थाने लाए। पीड़ित महिला की तहरीर पर इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया। इस संबंध में एसओ ने कहा कि महिला द्वारा बंधक बनाने की तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया है । प्रथम दृष्टया जांच में शराब की दुकान के मालिक और मुनीम के बीच पैसे के लेनदेन का मामला प्रकाश में आया है।

# ठगी करने वालों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**फाजिलनगर।** अमरवा ग्राम सभा के निवासी दिनेश राय की शादीशुदा भतीजी शनिवार को अपने दरवाजे पर बैठी थी। इसी दौरान ब्राह्मण की भेषभूषा एक व्यक्ति उसके पास पहुंचा। यह देख महिला ने बैठने का आग्रह किया। बैठने के बाद ही उसने उसे अपने झांसे में लेना शुरू कर दिया और उसके समस्या के समाधान के लिए 1500 रुपये ले लिए।

समस्या के स्थायी समाधान के लिए उसके जेवर पोटली में रखने को कहा और बताया कि कल दो लोग आएंगे, उन्हें दे देना और पूजा करने के बाद उसे लौटा दिया जाएगा। यह भी बताया कि यह जानकारी किसी को नहीं देनी है अन्यथा अनर्थ हो जाएगा। उसने रात्रि में ही अपने जेवर को एक पोटली में रखकर ऊपर से चावल डाल दिया। सुबह घर के लोग जब उसके जेवर नहीं देखे तो कारण पूछा। पहले तो कुछ नहीं बताई, घरवालों के दबाव पर सारी बातें बता दी। इसके बाद दिन के एक बजे दो लोग जो पंडित के भेषभूषा में थे, वे दरवाजे पर पंहुचे। जैसे ही महिला पोटली लेकर उसके पास पहुंची तो घरवालों ने दोनों को पकड़कर लिया।

# 21 मवेशी बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**तुर्कपट्टी।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पशु तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में शनिवार की शाम पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी। इसमें 21 मवेशियों के साथ तीन तस्कर पकड़े गए। रविवार को पुलिस ने केस दर्ज कर तस्करों को जेल भेज दिया।शनिवार की शाम को मुखबिर की सूचना धुनवलिया मोड़ स्थित फोरलेन पर गाड़ाबंदी करके पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। कुछ देर बाद कसया की तरफ से एक पिकअप आता दिखा जिसे पुलिस ने रोक लिया और तलाशी शुरु कर दी। वाहन में 21 मवेशी लदे थे जिसमें चार की वाहन में ही मौत हो चुकी थी।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**बभनौली :** सेवरही थाना क्षेत्र के सेवरही कस्बे के निवासी कमलेश मद्धेशिया को एक किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने जेल भेजा है। पिछले दिनों आरोपित की नमकीन फैक्ट्री में मजदूरी करने वाली 15 वर्षीय किशोरी ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। पुलिस ने पास्को एक्ट में आरोपित को जेल भेज दिया। (जासं)

# तीन क्विंटल लहन नष्ट, पंद्रह लीटर कच्ची बरामद

**जागरण संवाददाता, राजापाकड़ :** तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के सपही टड़वा गांव के भरवा टोली में रविवार को आबकारी विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन क्विंटल लहन नष्ट करने के साथ ही 15 लीटर कच्ची बरामद की।

एसएचओ आनंद गुप्ता के नेतृत्व में एसआई अवधेश सिंह, एचसीपी विश्वनाथ ठकुराई, कांस्टेबिल अशोक यादव, दीपचंद, संतोष चौहान, महिला कांस्टेबिल शालू सिंह, आबकारी निरीक्षक अमरनाथ कश्यप, कांस्टेबल कृपाशंकर दूबे, राकेश शर्मा आदि की टीम उक्त टोला पर पहुंची। पुलिस ने कई स्थानों पर जमीन में गाड़ कर रखा गया करीब तीन क्विंटल लहन नष्ट किया। 15 लीटर कच्ची बरामद हुई। धंधेबाज भागने में सफल रहे। इसके पश्चात टीम ने पंसरवा स्थित ईंट भट्ठों पर छापेमारी की जहां कुछ भी नहीं मिला।

# शराब व्यवसायी समेत पांच पर बंधक बनाने का मुकदमा

## कार्रवाई

- लेन-देन के विवाद में साथियों संग युवक को बनाया था बंधक
- युवक बरामद, व्यवसायी समेत दो को पुलिस ने हिरासत में लिया

**जासं., अहिरौली बाजार :** क्षेत्र के गांव होलिया निवासी युवक को बंधक बनाए जाने के मामले में पुलिस ने शनिवार देर रात शराब व्यवसायी व उसके चार साथियों के खिलाफ बंधक बनाने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। हिरासत में लिए गए व्यवसायी व उसके साथी का पुलिस ने रविवार को चालान कर दिया।

होलिया गांव के नंदगोपाल सिंह पटहेरवा क्षेत्र के देखपोखर स्थित देसी शराब की दुकान पर सेल्समैन थे। लगभग छह माह पूर्व शराब व्यवसायी मारूतिनंदन सिंह निवासी कुशहरा थाना चिलुआताल जिला गोरखपुर से अनबन होने के बाद उन्होंने नौकरी छोड़ दी। नंदगोपाल पर पांच लाख रुपये घोटाला करने का आरोप लगाते हुए व्यवसायी उन पर भुगतान का दबाव बनाने लगा। इसे लेकर दोनों के बीच कई बार नोंकझोंक भी हुई। पुलिस के अनुसार एक सप्ताह पूर्व भी शराब व्यवसायी साथियों संग सेल्समैन के घर पहुंच रुपये देने का दबाव बनाने लगा। बात बढ़ने पर जुटे गांव के लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। इधर शनिवार देर शाम को व्यवसायी अपने चार साथियों संग बोलेरो से नंदगोपाल के घर पहुंचा और उसे बंधक बना अपने साथ ले गया। परेशान नंदगोपाल की पत्नी सुमित्रा थाने पहुंची और शराब व्यवसायी द्वारा पति को बंधक बनाए जाने की सूचना दी। घटना की जानकारी होते ही प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने देर रात शराब व्यवसायी मारूतिनंदन के घर छापेमारी कर नंदगोपाल को मुक्त कराया। वहीं मारूतिनंदन व उसके साथी भोलू सिंह निवासी मंगलपुर थाना श्यामदेउरवा जिला महराजगंज को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में देर रात पुलिस ने सुमित्रा की तहरीर पर मारूतिनंदन, मोनू सिंह निवासी कुशहरा तथा भोलू सहित पांच के विरुद्ध मारपीट तथा बंधक बनाने का मुकदमा पंजीकृत कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों का रविवार को चालान कर दिया गया। मुकदमे की विवचेना की जा रही है, गुण-दोष के आधार पर कार्रवाई होगी।

## बंगाल जा रहे कंटेनर से 21 गोवंश बरामद तीन तस्कर गिरफ्तार

**जासं, पडरौना:** मेरठ से बंगाल के लिए पशुओं की तस्करी जारी है। तुर्कपट्टी में लगातार दूसरे दिन मेरठ से बंगाल ले जाए जा रहे कंटेनर से 21 गोवंश बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। तीनों के पास से तमंचा व कारतूस भी मिले हैं। रविवार को स्वाट व तुर्कपट्टी पुलिस की कार्रवाई में धुनवलिया बाजार के पास पकड़ा गया यह कंटेनर मेरठ के अहमदनगर से बंगाल के मुर्शिदाबाद जा रहा था। शनिवार को भी तुर्कपट्टी में बैलों से भरा कंटेनर पकड़ा गया था।

एएसपी एपी सिंह ने बताया कि पशुओं को बिहार ले जाए जाने की सूचना पर स्वाट टीम ने तुर्कपट्टी पुलिस के साथ धुनवलिया बाजार के पास फोरलेन पर वाहनों की जांच शुरू की। हरियाणा के नंबर का कंटेनर आता देखकर रोका। कंटेनर में सवार तीन लोग उतरकर भागने लगे। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। कंटेनर में 21 गोवंश मिले। तीनों की पहचान संभल के देल्ही दरवाजा निवासी वारिस व दीपा सराय के नजासा निवासी कासिम और मेरठ के लिसाड़ी गेट के अहमदनगर निवासी गुलफाम मलिक के रूप में हुई।

## महिला से ठगी करने वालों को पकड़ पुलिस को सौंपा

**पटहेरवा :** थाना क्षेत्र के गांव अवरवां खुर्द में महिला को झांसा देकर उसके जेवर ले जा रहे दो युवकों को पकड़ ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। तीस वर्षीय प्रियंका राय एक पखवारे पूर्व मायके आई हैं। शनिवार दोपहर को वह दरवाजे पर अकेले बैठी थीं, इस बीच आए व्यक्ति ने खुद को तांत्रिक बताते हुए उनकी परेशानी बताने लगा। तांत्रिक की बात सुनकर प्रियंका हैरान रह गईं। तांत्रिक ने समस्याओं के समाधान का दावा करते हुए कहा कि कल इसी समय दो व्यक्ति आएंगे, उन्हें अपने आभूषण अक्षत में रखकर दे देना। रविवार दोपहर में प्रियंका दरवाजे पर बैठकर दोनों का इंतजार करने लगीं। इस बीच दो युवक उनके दरवाजे पर पहुंचे। प्रियंका ने उन्हें अपना आभूषण दे दिया। घर की महिलाओं ने यह देख जब उनसे पूछा तो पहले उन्होंने आनाकानी की फिर सबकुछ बता दिया, जिसे सुन स्वजन हैरान रह गए। कुछ ही देर यह खबर आसपास फैल गई। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ पुलिस को सूचना दी। एसएचओ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। तहरीर पर

# लापता युवती बरामद आरोपित भेजा गया जेल

**खड्डा :** दो दिन पूर्व लापता युवती को हनुमानगंज पुलिस ने रविवार को खड्डा कस्बे से बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर दोनों की तलाश में थी। क्षेत्र की निवासी 19 वर्षीय युवती शुक्रवार शाम को गांव के बाहर टहलने गई थी लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं आई। स्वजन संभावित स्थानों पर उसकी तलाश किए, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह थाने पहुंच पीड़ित पिता ने पड़ोसी के रिश्तेदार पर युवती को भगा ले जाने का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने बताया कि युवती को बरामद कर मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है, वहीं आरोपित खुरचन निवासी देवीपुर थाना कोतवाली पडरौना को जेल भेज दिया गया। (जासं)

# 21 मवेशी मुक्त, तीन तस्करों को भेजा जेल

## तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के धुनवलिया बाजार के पास पुलिस ने पकड़ा कंटेनर



तुर्कपट्टी पुलिस ने मुक्त कराए गो वंश। *संवाद न्यूज एजेंसी*

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना/तुर्कपट्टी (कुशीनगर )। तुर्कपट्टी थाने की पुलिस ने शनिवार की देर शाम धुनवलिया बाजार के पास वाहनों की जांच के दौरान एक कंटेनर से 21 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया। कंटेनर से तीन पशु तस्कर भी पकड़े गए, जिनके खिलाफ रविवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

तुर्कपट्टी थाने के एसओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि धुनवलिया बाजार स्थित फोरलेन पर शनिवार की देर शाम वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तभी कसया की तरफ से एक कंटेनर आया। उसे रोककर तलाशी ली गई तो उसमें 21 गोवंशी पशु मिले। उनमें चार पशुओं की मौत हो चुकी थी। कंटेनर में बैठे तीन तस्करों ने निकलकर भागने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया।

### आरोपियों में एक मेरठ व दो जिला संभल के निवासी

एसओ ने बताया कि तस्करों का नाम वारिस निवासी देलही दरवाजा थाना संभल जिला संभल, कासिम निवासी दीपासराय थाना नजासा जिला संभल और गुलफाम मलिक निवासी अहमदनगर थाना लिसाड़ी जनपद मेरठ है। इनके पास दो तमंचा और कारतूस भी मिला है। इनके खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के साथ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। इन्हें पकड़ने वाली पुलिस टीम में चौकी इंचार्ज मधुरिया अवधेश सिंह, अमरनाथ यादव, कुश कुमार, मुबारक अली, गिरधारी लाल गौतम, अशोक कुमार, सुनील यादव, अरुण यादव, संदीप आदि शामिल थे।

# तीन क्विंटल लहन नष्ट, 15 लीटर कच्ची शराब जब्त

**गुरवलिया बाजार।** आबकारी विभाग और तुर्कपट्टी पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार शाम छापा मारकर 15 लीटर कच्ची शराब जब्त कर तीन क्विंटल लहन नष्ट किया। एसओ आनंद कुमार गुप्ता की अगुवाई में एसआई अवधेश सिंह, एचसीपी विश्वनाथ ठकुराई, कांस्टेबल अशोक यादव, दीपचंद, संतोष चौहान, महिला कांस्टेबल शालू सिंह, आबकारी निरीक्षक अमरनाथ कश्यप, कांस्टेबल कृपाशंकर दुबे, राकेश शर्मा आदि ने सपहीं टड़वा के भरवा टोली में छापा मारा गया। टीम ने तीन क्विंटल लहन नष्ट कर 15 लीटर कच्ची शराब जब्त कर ली। इसके बाद टीम सेमरा हर्दोपट्टी व पंसरवा स्थित ईंट-भट्ठों पर छापा मारा, जहां कुछ नहीं मिला। एसओ ने कहा कि कच्ची शराब से जुड़े लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# आबकारी निरीक्षक ने पकड़ी 12 लीटर कच्ची शराब

**निचलौल।** आबकारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव की टीम ने रविवार को निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम चरभरिया व डोमा में कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 12 लीटर कच्ची शराब टीम ने पकड़ी और 300 किग्रा लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि कच्ची शराब पकड़े जाने के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

# एसएसबी ने 29 बोरी विदेशी मक्का पकड़ी

**निचलौल।** एसएसबी शितलापुर के एस आई बलदेव सिंह की टीम ने रविवार की भोर में लालपुर खेसरहा गांव के पास 29 बोरी विदेशी मक्का पकड़ी है। मक्का को कुछ लोग साइकिलों से भिजवाने की योजना में थे। इस दौरान दो साइकिल व नेपाल के नवलपरासी जिले के भुजहवां निवासी शैलेश यादव तथा रामसमुझ नामक दो व्यक्ति पकड़े गए। एसएसबी ने पकड़ी गई मक्का व साइकिलों को सीज कर निचलौल कस्टम को सौंप दिया है।

# नौतनवा के सिपाहियों की बीट पुस्तिकाओं की जांच

नौतनवा | हिन्दुस्तान संवाद

नौतनवा थाने में रविवार को एडीजी द्वारा गठित टीम ने पहुंचकर आरक्षियों की बीट पुस्तिकाओं की जांच की। जांच करने पहुंचे निरीक्षक अखिलानंद उपाध्याय एव निरीक्षक मोहम्मद सहाबुद्दीन ने जांच पड़ताल के दौरान कई कांस्टेबल को शाबाशी दी तो कइयों की बीट पुस्तिका पर और अध्ययन करने की नसीहत दी। इस बीच आरक्षियों की काफी भागदौड़ देखने को मिली।

जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि थाने पर तैनात आरक्षियों की दी गई जिम्मेदारियों और उनके द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन होना जरूरी होता है। अधिकारियों ने आरक्षियों के बीट रजिस्टरों एवं सी प्लान का बारीकी से निरिक्षण किया। कांस्टेबल अपनी

## निरीक्षण

- एडीजी द्वारा गठित टीम ने की बीट पुस्तिकाओं की जांच
- कांस्टेबलों को दी बीट पुस्तिका का अध्ययन करने की नसीहत

बीट पुस्तिका को लेकर अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत हुए। जांच अधिकारियों ने कई आरक्षियों की बीट पुस्तिका से संतुष्ट नहीं दिखे। हालाकि अधिकतर की बीट पुस्तिकाएं संतोषजनक मिलीं। निरीक्षक अखिलानंद उपाध्याय ने बताया कि एडीजी के निर्देश पर नौतनवा थाने के कांस्टेबलों की बीट पुस्तिकाओं की जांच की गई है। कुछ खास खामियां नहीं मिली हैं। इस दौरान एसओ राजेश कुमार पांडेय, कांस्टेबल सदानंद यादव, वीरेंद्र यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद थे।

# फरेंदा में पकड़ा गया चेन स्नेचर

**पीपीगंज।** शाहपुर इलाके के एल्युमिनियम फैक्ट्री के पीछे स्थित गली से 27 जून को स्कूटी सवार महिला ने दिनदहाड़े लूट करने का आरोपित महराजगंज के फरेंदा में पकड़ा गया है। फरेंदा पुलिस ने चेन स्नेचिंग के आरोप में उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने गोरखपुर के शाहपुर में हुई घटना को भी कबूल किया है। यही नहीं, लूट की सोने की चेन खरीदने के आरोप में फरेंदा पुलिस ने पीपीगंज के एक सर्राफा को भी गिरफ्तार किया है। फरेंदा की चेन स्नेचिंग और शाहपुर में हुई चेन स्नेचिंग की वारदात में शामिल दोनों चेन सर्राफा ने खरीदी थी।

# लूट के दो शातिर असलहे संग गिरफ्तार

फरेंदा | **हिन्दुस्तान संवाद**

फरेंदा पुलिस ने दक्षिणी बाईपास के आगे वीर बहादुर सिंह पार्क के समीप से लूट व छिनैती के दो आरोपित शातिरों को पकड़ने में सफलता पाई है। तलाशी में आरोपितों के पास से नगदी, तमंचा व कारतूस के अलावा चोरी की दो बाइक बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्त में आए आरोपी दर्जन भर अपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

फरेंदा कोतवाली के उप निरीक्षक विजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि शनिवार की देर रात मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि दक्षिणी बाइपास के आगे वीर बहादुर सिंह पार्क के समीप कुछ संदिग्ध हैं। वह किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इस पर सूचना पर एसआई विजय कुमार द्विवेदी, शैलेन्द्र यादव व गिरीश चंद राय कांस्टेबिल आशुतोष राय व विवेक के साथ वीर बहादुर सिंह पार्क का नाकेबंदी कर दो संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने अपना नाम राहुल जायसवाल व दूसरे ने राहुल वर्मा बताया। तलाशी में दोनों के पास से कुल पांच हजार नगदी, एक तमंचा व कारतूस के अलावा उनके पास से चोरी की दो बाइक बरामद हुआ।



फरेंदा पुलिस ने लूट व छिनैती के दो शातिरों को असलहे के साथ पकड़ा।

## गोरखपुर में छिनैती व लूट को अंजाम दे चुका है राहुल

पुलिस टीम ने बताया कि दोनों की पहचान उजागर होने क्राइम हिस्ट्री खंगाली गई। इसमें राहुल जायसवाल के उपर छिनैती व लूट के छह मामले दर्ज हैं। गोरखपुर में भी वह दो वारदातों को अंजाम दे चुका है। फरेंदा कोतवाली में भी उसके खिलाफ केस पंजीकृत है।

# एसपी ने दीवान की अर्थी को दिया कंधा, भर आईं आंखें

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** सड़क दुर्घटना में शनिवार की रात हुई दीवान कृष्णमोहन यादव की मौत के बाद रविवार को ससम्मान उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए विदा किया गया। एसपी प्रदीप गुप्ता सहित अन्य साथी पुलिसकर्मियों ने दीवान की अर्थी को एक परिवार की तरह कंधा दिया तो सभी की आंखें नम हो उठीं। इसके पूर्व पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल पर दीवान के शव को रख कर एसपी, एएसपी, सीओ सहित अन्य अफसरों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर सलामी दी।

देवरिया जनपद के बरहज थाना क्षेत्र के सतरांव गांव निवासी कृष्णमोहन यादव वर्ष 1993 में पुलिस विभाग में बतौर आरक्षी भर्ती हुए थे। पहली पोस्टिंग प्रयागराज के बाद गोरखपुर, आजमगढ़, बलिया, सिद्धार्थनगर के बाद 15 जनवरी 2015 को महराजगंज पुलिस लाइन में पोस्टिंग हुई थी। वह पुलिस लाइन में कैंटीन इंचार्ज रहने के कारण पुलिसकर्मियों से काफी मिलनसार भी थे। शनिवार की रात वह भोजन कर पुलिस लाइन गेट स्थित निचलौल-महराजगंज मार्ग पर टहलने निकले थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें सामने से ठोकर मार दिया। तेज गति वाहन की ठोकर लगने की वजह से वह हवा में उड़ते हुए विद्युत पोल से टकराए और उनकी मौत हो गई। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल पर लाया गया।



पुलिस लाइन में दीवान के शव को कंधा देते एसपी प्रदीप गुप्ता ● जागरण

**दीवान के पार्थिव शव को लेकर देवरिया स्थित पैतृक गांव रवाना हुए स्वजन, शनिवार की रात सड़क दुर्घटना में हुई थी दीवान की मौत**

एसपी प्रदीप गुप्ता, एएसपी निवेश कटियार, सीओ लाइन डीके उपाध्याय, सदर अजय सिंह चौहान, प्रतिसार निरीक्षक रामदुलार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर सलामी दी। एसपी ने दीवान के स्वजनों को सांत्वना दिया। इसके बाद पुलिस वाहन से कृष्णमोहन के शव को उनकी पत्नी नीलम देवी व पुत्र मयंक के साथ उनके पैतृक गांव देवरिया भेजा गया।

# चोरी की बाइक व तमंचे के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

## फरेंदा पुलिस ने वीर बहादुर सिंह पार्क के पास से दबोचा

**जागरण संवाददाता, आनंदनगर:** फरेंदा पुलिस ने रविवार की सुबह गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित वीर बहादुर सिंह पार्क के पास दो बदमाशों को एक चोरी की बाइक, एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। बदमाशों के खिलाफ पीपीगंज व गोरखपुर के थानों में विभिन्न मुकदमा दर्ज हैं।

फरेंदा कोतवाली में प्रेसवार्ता कर पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने कहा कि राहुल जायसवाल निवासी जंगल कौड़िया जनपद गोरखपुर व राहुल वर्मा वार्ड नंबर छह पीपीगंज को पुलिस ने एक चोरी की बाइक, तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

राहुल जायसवाल शातिर किस्म का गैंगस्टर है। यह लूट, वाहन चोरी छिनैती आदि कई मामलों में लिप्त रहा। गोरखपुर व महराजगंज जनपद में अनेक वारदातों को अंजाम दिया है। गोरखपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में 2017 तीन लूट व 2019 में पीपीगंज थाने में एक लूट की घटना को अंजाम दिया।

पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार द्विवेदी, उपनिरीक्षक शैलेंद्र यादव, उपनिरीक्षक गिरीश चंद, आशुतोष



फरेंदा थाने में गिरफ्तार आरोपित के साथ (मध्य में) सीओ सुनील दत्त दुबे ● जागरण

## पुलिस ने एक भारतीय युवक को उठाया

**जासं, नौतनवा:** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली गांव से रविवार को बाइक चोरी के मामले में नेपाली पुलिस एक युवक को उठाकर सीमा पार चली गई। इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। नेपाली नंबर बाइक चोरी के मामले में नेपाल की पुलिस कई दिनों से चोर की तलाश में जुटी थी। जिसको लेकर भारत-नेपाल की सीमा से सटे हरदी डाली गांव के एक युवक पर चोरी का संदेह हुआ। खनुआ चौकी प्रभारी कमलेश यादव ने बताया कि नेपाल पुलिस ने बाइक चोरी के मामले एक युवक को बार्डर से ही गिरफ्तार किया है। मामला संज्ञान में है, अग्रिम कार्रवाई नेपाल पुलिस करेगी।

पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने कहा कि बदमाशों के खिलाफ

क्रियाकलाप निवारण अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया

# एडीजी के निर्देश पर जांच टीम ने किया निरीक्षण

**जासं, महराजगंज:** एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देश पर रविवार को पुरंदरपुर व नौतनवा थाना क्षेत्र पहुंची, जहां दो निरीक्षकों की टीम ने बीट प्रणाली का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने बीट रजिस्टर की जांच की, बल्कि प्रत्येक बीट आरक्षी से उनके क्षेत्र में होने वाले अपराध आदि की भी जानकारी ली।

थाना निरीक्षण के बाद टीम ने ग्रामसभा परसोहिया में ग्रामीणों के साथ बैठक की और पुलिस व्यवहार के संबंध में टिप्पणी करते हुए लोगों की प्रतिक्रिया दर्ज की। इस दौरान थानेदार रवि कुमार राय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार, दो सदस्यीय टीम ने नौतनवा थाना क्षेत्र के बैरिया बाजार व संपतिहा चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे व बेहतर पुलिसिंग की व्यवस्थाओं की बारीकी देखी।

# मारपीट में छह लोगों का चालान

कोल्हुई। थाना क्षेत्र के ग्राम बेलासपुर में चुनावी रंजिश को लेकर वर्तमान प्रधान तथा पूर्व प्रधान पक्ष के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। शांतिभंग के आरोप में चार लोगों को चालान किया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम बेलासपुर चुनाव के बाद से ही वर्तमान प्रधान तथा पूर्व प्रधान पक्ष में चुनावी रंजिश को लेकर आज विवाद हो गया है।

**कोल्हुई थाना क्षेत्र के बेलासपुर में चुनावी रंजिश में हुई थी मारपीट**

दोनों पक्षों के आमिरुल्लाह, मुस्ताक, बख्शीस, मुजाहिद को शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया गया।

इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम मुड़ली में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। पुलिन ने दो लोगों को पकडकर शांति भंग में चालान कर दिया। ग्राम मुड़ली में परशुराम तथा छेदी के बीच जमीन के विवाद को लेकर मारपीट हुई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रभारी थानाध्यक्ष गुलाब यादव ने विवाद करने वाले दोनों आरोपितों को चालान करने की पुष्टि की। संवाद



पुलिस ने लॉकडाउन में घर से बाहर निकले लोगों के वाहनों की कागजात जांच की। *संवाद न्यूज एजेंसी*

# लॉकडाउन में घर से बाहर निकले लोगों से हुई पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** साप्ताहिक लॉकडाउन के दौरान शहर में पुलिस ने लोगों से पूछताछ करने में जुटी रही। सुबह बारिश के दौरान ज्यादातर दुकान बंद रही।

साथ ही लोग भी कम बाहर निकले। लेकिन दोपहर में मौसम साफ हुआ तो सड़क पर चहल पहल बढ़ गई। इसके अलावा कुछ दुकानें भी खुल गईं। रविवार को

## दोपहर में मौसम साफ होने पर शहर में चहल-पहल

शहर में सक्सेना चौक पर यातायात निरीक्षक वाहन से आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की।

साथ मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को कोरोना से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियम का पालन करने की नसीहत दी। वहीं शहर में प्रमुख स्थानों पर पुलिस ने अनावश्यक घूमने वालो को चेतावनी दी। जिले में फरेंदा, पनियरा, निचलौल, सिसवा, घुघली, परतावल समेत अन्य स्थानों पर पुलिस ने भ्रमण कर विकेंड लॉकडाउन के नियम का पालन कराया। एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि पुलिस नियम का सख्ती पालन कराने में जुटी है। जांच के दौरान लोगों को कोरोना से बचाव के प्रति पुलिस जागरूक भी करती है। नियम का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# फरेंदा में शराब की दुकानों की हुई जांच

**फरेंदा।** आबकारी विभाग ने रविवार को सरकारी शराब की दुकानों पर जांच अभियान चलाया। टीम ने स्टॉक रजिस्टर, मोनोग्राम व साफ-सफाई सहित कई बिंदुओ पर जांच पड़ताल किया।

आबकारी निरीक्षक रवि विद्यार्थी के अनुसार अलीगढ़ शराब कांड जैसी घटना को रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई व नकली शराब की जांच की जा रही है। जिसको लेकर देशी, विदेशी व बीयर की दुकानों की जांच की गई। जांच में पिपरा तहसीलदार, भैसहिया, फरेंदा नंबर 2, लेहड़ा मंदिर मोड व दिलदारनगर में स्थित शराब की दुकानों की जांच किया गया। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# किशोरी से छेड़खानी

बस्ती। हरैंया पुलिस ने किंशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोप में गांव के ही एक युवक के खिलाफ केस  दर्ज किया है। 26 वर्षीय युवती का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले महेश ने दस जुलाई को जब वह शौच के लिए घर से निकली थी तो उसे अकेला पाकर रोक लिया। बुरी नीयत से उसका पकड़ लिया और खीचने लगा।

# चोरी के जेवरात के साथ दो गिरफ्तार

**घघौवा।** छावनी व एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के खतमसराय गांव में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि उनके कब्जे से चोरी के जेवरात, नगदी व असलहा बरामद हुआ है। गोंडा निवासी आरोपितों ने पूछताछ की जा रही है।

छावनी के खतमसराय में आठ जून को सुंदरपति के घर को जेवरात चोरी हो गए थे। इस घटना की जांच में एसओजी को भी लगाया गया था। पुलिस के अनुसार पटखापुर-परसरामपुर मार्ग पर बछईपुर के पास से दोनों आरोपितों को दबोच लिया। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार शातिरों की पहचान बाबूलाल निवासी रमगढ़वा

# प्रमुख पति और समर्थकों पर हमला करने, गोली चलाने में 15 नामजद

**जासं,बस्ती:** दुबौलिया पुलिस ने ब्लाक प्रमुख पद के लिए नामांकन करने जाने से रोकने के लिए प्राण घातक हमला एवं फायरिंग करने के मामले में 15 नामजद व एक अज्ञात खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थानाक्षेत्र के सेमरा मुस्तहकम निवासी ब्लाक प्रमुख गीता यादव के पति तालेबन यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि ब्लाक प्रमुख चुनाव में नामांकन करने से उन्हें रोकने के लिए भाजपा प्रत्याशी और उनके समर्थकों ने एक राय होकर प्राण हमला किया और गाड़ी में तोड़फोड की। फायरिंग भी की गई। गोली लगने से दो समर्थक घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विनय कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह,ओमप्रकाश सिंह,अभिषेक प्रधान गौसपुर,भानुप्रताप सिंह,दिलीप यादव,प्रवीन कुमार सिंह,चन्द्रप्रकाश सिंह उर्फ लल्लू,रणजीत सिंह, राकेश कुमार सिंह,चन्द्रशेखर सिंह,मुकेश कुमार सिंह, गतिबहादुर सिंह पूर्व प्रधान खुशहालगंज, विभोर सिंह, अंकुर सिंह, पंकज एवं अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# डकैती की साजिश रचते आठ बदमाश गिरफ्तार

## गांधीनगर, बांदा, मुरादाबाद और बस्ती के हैं आरोपित

**जासं, गोरखपुर :** शनिवार की रात डकैती की साजिश रच रहे आठ बदमाशों को रामगढ़ताल थाने की पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बदमाश गांधीनगर(गुजरात), बांदा, महराजगंज, मुरादाबाद और बस्ती जिले के रहने वाले हैं। उनसे 315 बोर का तमंचा, कारतूस, चाकू व दो राड मिला।

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शनिवार रात में रामगढ़ताल थाना प्रभारी को सूचना मिली कि बदमाशों का गिरोह लहसड़ी में फोरलेन अंडरपास के पास असलहे के साथ मौजूद है। चौकी प्रभारी आजाद चौक विशाल उपाध्याय, फलमंडी चौकी प्रभारी अक्षय मिश्रा के साथ उन्होंने बदमाशों को घेर लिया। फायरिंग कर बदमाशों ने भागने का प्रयास किया लेकिन दबोच लिए गए।

**ये हुए गिरफ्तार :** कैंपियरगंज के बसंतपुर का सांवर, बस्ती जिले के कलवारी क्षेत्र के सिकंदरपुर का सुनील कुमार,महराजगंज जिले के नौतनवा थानाक्षेत्र का परसा निवासी मोहम्मद सारिक उर्फ सलीम, बांदा जिले के चिल्ला थानाक्षेत्र स्थित अतरहट का सुरेश उर्फ शनि,मुरादाबाद, छजलैट के रसूलपुर चौरा का एहसान, गांधीनगर(गुजरात)के करनावती थानाक्षेत्र के अजीतपारा का कासिम, सरखेज निवासी अब्दुल शकूर और कच्छ जिले के गांधीधाम का रमेश।

लंदन के कंपास के जरिये चुराते थे अष्टधातु की मूर्ति : बदमाशों से वर्ष 1820 में लंदन(ब्रिटेन) निर्मित कंपास (दिशा सूचक यंत्र) मिला है। जिसकी मदद से वे अष्टधातु की मूर्ति चुराने के साथ ही पहचान करते थे। पुलिस पीतल के कंपास को कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। कंपास गुजरात में गांधीनगर से चुराया गया था।बदमाशों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि पूरे देश में वह लूट, डकैती व चोरी करते हैं। कंपास के जरिये वह अष्टधातु की मूर्ति वाले मंदिर तक पहुंचते हैं। मूर्ति चुराने के बाद उसे गुजरात ले जाकर बेचते हैं। बड़हलगंज निवासी संदीप कुमार ने अष्टधातु की मूर्ति बेचने के लिए यहां बुलाया था।

# 25 लाख रुपये हड़पने के मामले में मुकदमा दर्ज

**जासं, बस्ती:** कोतवाली पुलिस ने 25 लाख रुपये उधार लेकर हड़पने के मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी, गबन व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

शहर के विशुनपुरवा गांधीनगर के ज्ञानीश चंद्र श्रीवास्तव ने तहरीर दी थी कि महरीखावां निवासी अरुण कुमार सिंह ने परिचय व व्यवहार का लाभ उठाते हुए वर्ष 2017 में उनसे 25 लाख रुपए उधार लिया था। इसमें से पांच लाख 20 अप्रैल 2017 को अपने बैंक एकाउंट में आनलाइन ट्रांसफर कराया था। उधार ली गई रकम को एक साल में लौटने का वादा किया था। एक वर्ष बीत जाने के बाद जब पैसा वापस मांगा तो बिजनेस में घाटा होने की बात कहकर व्यवस्था कर देने का आश्वासन दिया। काफी प्रयास के बाद उसने 20 लाख का चेक 16 अक्टूबर 2019 को दिया। इसे बैंक में लगाया तो बाउंस हो गया। इसकी जानकारी उसे दी गई तो वर्ष 2020 में पूरी रकम वापस करने का फिर से भरोसा दिलाया, लेकिन अभी तक दिया नहीं।


कोतवाल मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# चोरी के जेवर के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, बस्तीः** छावनी व एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के खतमसराय गांव में हुई चोरी में शामिल दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से चोरी के जेवर, नकदी और असलहा बरामद किए गए हैं।

छावनी के खतमसराय में आठ जून को सुंदरपति के घर को चोरों ने निशाना बनाकर कीमती जेवरों पर हाथ साफ कर दिया था। इस घटना के पर्दाफाश के लिए छावनी पुलिस के साथ एसओजी को भी लगाया गया। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस मामले में वांछित चोरों की तलाश में पटखापुर-परसरामपुर मार्ग पर बछईपुर के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन पुलिस उन्हें पकड़ लिया।

थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार चोरों की पहचान बाबूलाल निवासी रमगढवा और राम बिलास निवासी मूड़ाडीह थाना धानेपुर जनपद गोंडा के रूप में हुई है। इनके कब्जे से चोरी का एक जोड़ी झुमका, मांग टीका, दो अंगूठी, 96 सौ रुपये नकद, 315 बोर का असलहा व कारतूस बरामद किया गया है।



एसओजी निरीक्षक मृत्युन्जय पाठक, चौकी इंचार्ज विक्रमजोत मनीष कुमार जायसवाल, एसआइ दुर्गविजय, एसओजी टीम के हेड कांस्टेबल दिलीप कुमार, बुद्धेश कुमार, अजय कुमार, विजय यादव, अभिषेक तिवारी, इन्द्रजीत पासवान आपरेशन में शामिल रहे।

# ट्रक से 25 गोवंश बरामद

**बस्ती :** पुरानी बस्ती पुलिस ने गोकशी के लिए ले जा रहे 25 पशुओं को बरामद कर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को पालीटेक्निक चौराहा से कुछ दूर पशुओं को लेकर जा रही ट्रक को पुलिस ने रोका तो चालक गाड़ी से कूद कर भाग निकला।(जासं)

दैनिक जागरण

# पंचवटी

# आओ पौधे रोपें



अभियान के तहत फुटहिया पुलिस चौकी पर आंवला का पौधा रोपित करने के बाद पानी डालते चौकी इंचार्ज रामदेव ● जागरण



लालगंज थाना परिसर में अभियान के तहत आंवला का पौधा रोपित करने के बाद पानी डालते थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय ● जागरण

# 25 लाख हड़पने के आरोप में केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## कोतवाली पुलिस ने शुरू की छानबीन

**बस्ती।** उधार लेकर 25 लाख रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपित पर धोखाधड़ी, गबन और अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

कोतवाल मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शहर के विशुनपुरवा गांधीनगर निवासी ज्ञानीश चंद्र श्रीवास्तव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि महरीखावां निवासी अरुन कुमार सिंह ने अपने परिचय और व्यवहार का लाभ उठाते हुए उनसे 2017 में कुल 25 लाख रुपये उधार लिए थे।

आरोप के अनुसार, इस रकम में से पांच लाख रुपये 20 अप्रैल 2017 को अपने बैंक एकाउंट में ऑनलाइन ट्रांसफर कराए थे। उधार ली गई रकम को एक साल में लौटने का वादा किया था। पीड़ित का आरोप है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद जब धन वापस मांगा तो आरोपित ने बिजनेस में घाटा होने की बात कहकर व्यवस्था कर देने का आश्वासन दिया।

काफी प्रयास के बाद अरुन ने बीस लाख रुपये का चेक 16 अक्तूबर 2019 को दिया। वह बैंक में बाउंस हो गया। इसकी जानकारी अरुन को दी तो 2020 में पूरी रकम वापस करने का फिर से भरोसा दिलाया। उसके बाद कोरोना संक्रमण फैलने के कारण अरुन धन वापस करने के लिए मौका लेते रहे। अब तक रकम वापस नहीं की। इस बारे में कोतवाल ने बताया कि मामले में पुलिस तथ्यों की छानबीन में जुटी है।

# पति पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**परशुरामपुर।** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के खेमराजपुर गांव में आठ जुलाई की शाम को महिला के अपने कमरे में जलकर मृत पाए जाने के मामले में पुलिस ने मृतका के पति पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

खेमराजपुर गांव के शिवसहाय की पत्नी सुमन आठ जुलाई की शाम को अपने कमरे में जली अवस्था में पायी गई थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था। मृतका के भाई अरविंद कुमार निवासी पिपरा कपूरी थाना गौर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बहन सुमन को पति शिवसहाय दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। आरोप लगाया कि आठ जुलाई को शिवसहाय ने डीजल छिड़ककर उनकी बहन को जला दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्र ने बताया कि भाई की तहरीर पर पुलिस ने शिव सहाय पर दहेज हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# दो गिरफ्तार, चोरी के गहने बरा

संवाद न्यूज एजेंसी

### एसओजी की मदद से छावनी थाने की पुलिस ने की कार्रवाई

**विक्रमजोत (बस्ती)।** छावनी थाना क्षेत्र के खतमसराय गांव में आठ जून की रात सुंदरपती के घर में हुई लाखों के गहनों की चोरी के मामले में छावनी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने दो अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के पटखापुर-परशुरामपुर मार्ग पर स्थित बछईपुर गांव के पास चेकिंग के दौरान दोनों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक तमंचा, दो कारतूस, नौ हजार छह सौ रुपये के साथ चोरी की एक जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी झुमकी, दो अंगूठियां, एक मांग टीका तथा दो जोड़ी पायल बरामद की गई।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों की पहचान गोंडा ज
धानेपुर थाना क्षेत्र के रमग
निवासी बाबूलाल और
निवासी राम बिलास के रू
थानाध्यक्ष छावनी
श्रीवास्तव ने बताया कि
रास्ते घुसे चोरों ने जेव
कीमती सामान चुरा लिया
इस संबंध में स्थानीय
मुकदमा दर्ज कर चोरों क
की जा रही थी। रविवार को
थाने की टीम और एस
संयुक्त प्रयास से चोरों को
किया गया।

# पशुओं से भरा कंटेनर छोड़कर भागे तस्करों पर केस

**बस्ती।** फोरलेन पर पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पॉलिटेक्निक चौराहे से पहले शनिवार की सुबह ढाबा के पास पशुओं से भरे कंटेनर छोड़कर भागने वाले चालक सहित दो आरोपितों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने कंटेनर से 29 पशुओं को मुक्त कराया था। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। फोरलेन पर ढाबा के पास कंटेनर में कुछ खराबी आने पर उसे खड़ा कर चालक तथा अन्य सवार नाश्ता करने जा रहे थे। लोगों को शक हुआ। उसकी जानकारी तत्काल पुरानी बस्ती पुलिस को दी। थाने से पहुंची पुलिस टीम ने कंटेनर के पिछले दरवाजे को किसी तरह से खोलवाया तो अंदर पशु भरे हुए थे। संवाद

# शक्ति सिंह बने सीओ सिटी

**बस्ती।** एसपी आशीष श्रीवास्तव ने दो क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है।

सदर और कलवारी सर्किल के क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया गया है। पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सीओ सिटी आलोक प्रसाद को कलवारी सर्किल का सीओ बनाया गया है। वहीं कलवारी सर्किल के सीओ रहे शक्ति सिंह को सदर सर्किल की कमान सौंपी गई है। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# चार बच्चों को मानव तस्करों से मुक्त कराया

**सिद्धार्थ नगर (एसएनबी)** । सशस्त्र सीमा बल 43 वी वाहिनी की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों एवं मानव सेवा संस्थान के कर्मियों की संयुक्त टीम ने शनिवार की शाम को चार नाबालिक नेपाली बच्चों को मानव तस्करों के चंगुल से बचाने में सफलता हासिल किया है।

सीमा चौकी अलीगढ़वा प्रभारी, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, एसएसबी व मानव सेवा संस्थान (सेवा) की संयुक्त टीम द्वारा प्राथमिक पूंछ-ताछ से पता चला की अकीकुल्लाह पुत्र कल्लू नाबालिग नेपाली चारों लड़कों को नौकरी व आकर्षक जीवल शैली का झांसा देकर नेपाल से मुम्बई ले कर जाने वाला था। जांच-पड़ताल एवं कागजी कार्यवाही के बाद पीड़ित नाबालिक चारों बच्चों के साथ मानव तस्कर को, मानव सेवा संस्थान द्वारा नेपाल की एपीफ की उपस्थिति में नेपाल पुलिस चौकी चाकरचौडा, थाना-तौलिहवा, जिला कपिलवस्तु नेपाल को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया।

# देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बांसी** । खेसरहा थाना की पुलिस ने रविवार को एक बदमाश को एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि एसआई उपेन्द्र राय व सुभाष प्रजापति , कां हरेकृष्ण वाहन चेकिंग कर रहे थे कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो अवैध तमन्चा व कारतूस लिए हुए है नवडिहवा चौराहे पर सवारी गाड़ी से उतर कर बांसी-बखिरा मुख्य मार्ग से होते हुए ग्राम मेहनुआ मोड़ की तरफ आ रहा है। सूचना पर एस आई उपेन्द्र राय मय फोर्स के मौके पर पहुचंकर सलमान पुत्र तुफैल खान निवासी रुद्रनगर थाना रुधौली जिला बस्ती को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। खेसरहा थाना की पुलिस केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# मारपीट के मामले में आठ गिरफ्तार

**बांसी।** बांसी पुलिस ने मारपीट के मामले में रविवार को आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट के मामले में सब्बर, गब्बर, अशोक निवासी नरकटहा मोहल्ला रानी लक्ष्मीनगर, संगम यादव, संगद यादव निवासी सहजी, सहवान व राहत अली निवासी राप्तीनगर व हरिश्चन्द्र निवासी हंसवापार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नियम तोड़ने पर 89 वाहनों का चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने रविवार को वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में खामियां मिलने व यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 89 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 92 हजार रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया।

# एसएसबी ने बच्चों को मानव तस्कर से बचाया

**सिद्धार्थनगर।** एसएसबी की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने शनिवार की शाम चार नेपाली बच्चों को तस्कर के चंगुल से बचाया। नेपाली तस्कर नाबालिक बच्चों को नेपाल से मुंबई नौकरी का झांसा देकर ले जा रहा था। एसएसबी ने नाबालिग बच्चों नेपाली पुलिस को सौंप दिया। एसएसबी अधिकारियों का कहना है कि बॉर्डर पर जवान सतर्क हैं। ऐसी घटनाओं पर नजर रखी जा रही है।

# नई किरण के तहत दो परिवार बिखरने से बचे

सिद्धार्थनगर | **निज संवाददाता**

महिला थाने पर रविवार को आयोजित नई किरण में दो परिवारों को बिखरने से बचाया गया। महिला थाने में रविवार को नई किरण का आयोजन किया गया। इसमें पांच मामले आए। इन मामलों में दोनों पक्ष मौजूद रहे। काउंसलिंग टीम के समझाने बुझाने के बाद दो परिवार संग रहने को राजी हो गए। इससे उनका परिवार बिखरने से बच गया। इसमें उस्का बाजार थाना क्षेत्र के चुरिहारी गांव निवासी तजरून पत्नी साकिर अली और मोहान कस्बे की सबनम पुत्री जमाली अपने परिवार संग रहने को राजी हो गए। इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी मंजू सिंह, सबिता सिंह, ब्यूटी गिरि, नेहा सिंह आदि मौजूद रहीं।

# कट्टा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बांसी।** खेसरहा पुलिस ने रविवार को एक देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान उसकी पहचान बस्ती जिले के रुधौली थाना क्षेत्र के रुद्रनगर निवासी सलमान पुत्र तुफैल खान के रूप में हुई। उसके पास से 12 बोर कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : खेसरहा पुलिस ने रविवार को एक व्यक्ति को कट्टा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम सलमान निवासी रुद्रपुर थाना जनपद बस्ती है। (जासं.)

# पुलिस ने शांतिभंग में आठ का चालान

बांसी : कोतवाली पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में आठ लोगों को निरुद्ध कर जेल भेज दिया। निरुद्ध होने वालों में नगर पालिका के वार्ड रानी लक्ष्मी नगर निवासी शब्बर, गब्बर, अशोक कुमार, संगम यादव, संगद यादव ग्राम सहजी, सहबान, राहत अली, राप्तीनगर वार्ड व हरिश्चंद्र ग्राम हंसवापार शामिल हैं। (जासं.)

# दो परिवार साथ रहने को राजी

सिद्धार्थनगर : महिला थाने में नई किरण का आयोजन किया गया। पारिवारिक विवाद से जुड़ी पांच पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुआ। सुलह समझौते के आधार पर दो परिवार साथ रहने को राजी हुए। थाना प्रभारी मंजू सिंह, सविता सिंह आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। (जासं.)

# 89 वाहनों का चालान

सिद्धार्थनगर : पुलिस ने रविवार को वाहनों की जांच अभियान चलाया। 416 वाहनों को चेक किया गया। कागजात न होने पर 89 वाहनों का चालान किया गया। 92000 रुपये शमन शुल्क वसूला गया। (जासं.)

# दो परिवार साथ रहने को राजी

सिद्धार्थनगर : महिला थाने में नई किरण का आयोजन किया गया। पारिवारिक विवाद से जुड़ी पांच पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुआ। सुलह समझौते के आधार पर दो परिवार साथ रहने को राजी हुए। थाना प्रभारी मंजू सिंह, सविता सिंह आदि ने सराहनीय भूमिका निभाई। (जासं.)

# कट्टा और कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार

**बांसी।** खेसरहा पुलिस के हाथ रविवार को एक शातिर बदमाश लगा। पुलिस ने उसे नवडिहवा के पास से दबोचा। उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया।

पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया। एसओ खेसरहा रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र के नवडिहवा गांव के पास एक शातिर बदमाश मौजूद है और किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। पुलिस टीम बताए हुए स्थान पर पहुंची और एक संदिग्ध को पकड़ लिया गया। उसके कब्जे से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में उसकी पहचान सलमान निवासी रुद्रनगर थाना रुधौली जिला बस्ती के रूप में किया गया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# चार बच्चों को मानव तस्कर के चंगुल से छुड़ाया

**कपिलवस्तु।** एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने शनिवार शाम चार नेपाली किशोरों को मानव तस्कर के चंगुल से छुड़ाया। पूछताछ करने के बाद उन्हें नेपाल पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

सीमा चौकी अलीगढ़वा प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफकिंग एसएसबी ने शनिवार को सीमा पार करते हुए कुछ लोगों को देखा। संदिग्ध दिखने के बाद रोककर पूछताछ शुरू की। पूछताछ से पता चला कि अक्रीकुल्लाह चार किशोरों को

## एसएसबी 43वीं वाहिनी सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने पकड़ा

नौकरी का झांसा देकर नेपाल से मुंबई लेकर जाने वाला था। पूछताछ करने के बाद सभी नेपाल पुलिस चौकी चाकर चौड़ा थाना तौलिहवा जिला कपिलवस्तु को अग्रिम कार्रवाई करने के लिए सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी 43वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अमित सिंह ने बताया कि सीमा पर लगातार निगरानी की जा रही है। संवाद

# शांतिभंग के मामले में आठ का चालान

**बांसी।** मारपीट कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने के मामले में रविवार को बांसी कोतवाली पुलिस ने आठ लोगों को शांतिभंग के मामले में चालान कर दिया। कोतवाल छत्रपाल सिंह ने बताया कि सब्बर, गब्बर मोहल्ला रानी लक्ष्मीनगर, अशोक मोहल्ला रानी लक्ष्मीनगर, संगम यादव निवासी ग्राम सहजी, संगद यादव ग्राम सहजी, सहवान मोहल्ला राप्तीनगर, राहत अली मोहल्ला राप्तीनगर तथा हरिश्चंद्र ग्राम हंसवापार शांतिभंग के मामले में चालान किया गया है। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# सवा किलो गांजा बरामद शातिर अपराधी गिरफ्तार

मगहर (एसएनबी)। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत कबीर चौरा परिसर से शनिवार की देर रात कई मुकदमों में वांछित शातिर चोर को मगहर पुलिस ने एक किलो दो सौ ग्राम



गांजे के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। चौकी इंचार्ज हरिनारायण दीक्षित के अनुसार शनिवार की देर अपने हमराही सिपाहियों के साथ नगर का गश्त कर रहे थे। अभी वह कबीर चौरा परिसर में पहुंचे ही थे तभी उन्हें एक संदिग्ध युवक आता देखाई दिया जो पुलिस की गाड़ी को देख भागने का प्रयास किया। पुलिस ने घेर कर उसे पकड़ लिया। उसके बाद जामा तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। शातिर चोर आशीष कुमार गुप्ता उर्फ गचई पुत्र श्रीराम गुप्ता मुहल्ला तेली टोला कस्बा मगहर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया युवक एक शातिर चोर व कई मुकदमों में वांछित है। उसे गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में रविवार को न्यायालय भेज दिया गया है।

# प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान



मेंहदावल (एंसएनबी)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने परिसर की साफ सफाई की। बैरक व आवास के साथ ही मेस एवं कार्यालय में साफ सफाई किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस कर्मियों को स्वच्छता का संदेश दिया। मेंहदावल थाना प्रभारी जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत परिसर मे उगे झाड झंखाड को जहां साफ किया वही आवासीय तथा बैरक आदि की भी साफ सफाई की। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कोविड महामारी के संक्रमणं से देश जुझ रहा हैं। लोगो को साफ सफाई व स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए। कोविड के नियमों की अनदेखी न करें बल्कि घर से बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग अवश्य करें। इस दौरान परवीन कुमार, श्रीकांत चौबें, सतीश मिश्रा, कांस्टेबल फखरुद्दीन, रत्नेश सिंह, संतोष सिंह, संजीव कुमार यादव, अखिलेश पाण्डेय, नूरुद्दीन, रमाशंकर, गिरजेश मिश्रा, अनिल कुमार यादव, अनुपमा अवस्थी, सिन्धु चौहान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिना मास्क के लोगों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने बिना मास्क के घूम रहे लोगों से जुर्माना भरवाया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार कोविड-19 संक्रमण रोकने के लिए बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया।

जनपद के तीनों सर्किलों के सभी थानों ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने, हाथ धोने आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया। इसके साथ ही अभियान चलाकर बिना मास्क के घूम रहे 14 व्यक्तियों से 1600 रूपए चालान वसूल किया गया।

# कई मुकदमों में वांछित शातिर चोर गांजे के साथ गिरफ्तार

मगहर | हिन्दुस्तान संवाद

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर स्थित कबीर चौरा परिसर से शनिवार की देर रात कई मुकदमों में वांछित शातिर चोर को मगहर पुलिस पकड़ने में कामयाब हुई। उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसे गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया।

चौकी इंचार्ज हरिनारायण दीक्षित ने बताया कि वे अपने हमराही सिपाहियों के साथ शनिवार की देर रात नगर के भ्रमण पर निकले थे। कबीर चौरा परिसर में पहुंचे ही थे कि एक संदिग्ध युवक पुलिस जीप को आता देख भागने का प्रयास लगा। जिसका पीछा कर पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसकी पहचान आशीष कुमार उर्फ गचई पुत्र श्रीराम गुप्ता निवासी तेली टोला कसबा मगहर के रूप में हुई। पकड़ा गया युवक एक शातिर चोर व कई मुकदमों में वांछित है। उसे गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में निरुद्ध कर रविवार को जेल भेज दिया गया।

# नियम तोड़ने वालों से वसूला शुल्क

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वालों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल की।

चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 13 वाहनों के स्वामियों से 10 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# मेंहदावल थाना परिसर में पुलिसकर्मियों ने की सफाई

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर: मेंहदावल के थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह के साथ थाने के पुलिसकर्मियों ने रविवार को थाना परिसर में खाली पड़ी भूमि की सफाई की। थानाध्यक्ष ने खुद कुदाल, फावड़ा उठाया। यह देखकर थाने के अन्य पुलिसकर्मियों का जोश बढ़ गया। सभी ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। पूरे प्रांगण को साफ-सुथरा कर दिया। थाना परिसर की खाली पड़ी भूमि से करीब एक ट्राली घास व कबाड़ को बाहर निकालकर मैदान को साफ-सुथरा बनाया गया। पुलिसकर्मी यहां पर पसीना बहाएंगे और फिट रहने के लिए खेलकूद करेंगे।

# गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

जासं, संतकबीर नगर: कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मगहर स्थित कबीर चौरा परिसर से बीते शनिवार की देर रात कई मुकदमों में वांछित नगर पंचायत मगहर के तेली टोला निवासी आशीष कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ है। चौकी प्रभारी हरिनारायण दीक्षित ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आरोपित को जेल भेज दिया है।

# कच्ची के साथ एक गिरफ्तार

संतकबीर नगर : मेंहदावल पुलिस ने रविवार को 10 लीटर कच्ची के साथ जमोरिया खुर्द गांव के निवासी कन्हैया को गिरफ्तार किया है। बिसौवा चौकी प्रभारी सौरभ मिश्र ने बताया कि आबकारी अधिनियम के तहत इनका चालान कर दिया गया है। (जासं.)

# शांति भंग की आशंका में

संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों भंग की आशंका में 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने आठ, धनघटा पुलिस ने छह, महुली पुलिस ने तीन, मेंहदावल पुलिस ने एक, धर्मसिंहवा पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

# तीन जुआरी गिरफ्तार

बखिरा : बखिरा पुलिस ने रविवार को जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 5210 रुपये नकद व ताश का पत्ता बरामद किया है। बखिरा निवासी राजीव जायसवाल व मंजय तथा मेड़रापार गांव के निवासी कन्हैयालाल गिरफ्तार किया है। (जासं.)

# जांच अभियान में 13 वाहनों का हुआ चालान

संतकबीर नगर : जनपद की पुलिस टीम ने रविवार को विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की। 13 वाहनों का चालान करके 10500 रुपये जुर्माना लगाया। (जासं.)

# 11 लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

महुली : महुली थानाक्षेत्र के झकहीचक उर्फ बेलडूहा में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने रविवार को एक पक्ष से 11 लोगों के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारने-पीटने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थाने में दी गई तहरीर में इस गांव के विकास राम तिवारी ने यह उल्लेख किया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही राजेश तिवारी अपने समर्थकों के साथ घर पर आ गए। उन्हें मारपीट कर घायल कर दिए। इस मामले में पुलिस ने राजेश तिवारी, सर्वेश तिवारी, आशुतोष, राहुल, पिंटू, प्रदीप, संदीप, आलोक, ऋतेश, अभिषेक व सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। (जासं.)

# चार पर मारपीट का केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के जोगाराजा निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस चार पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुट गई है। जोगाराजा निवासी सूरजभान ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सुरेंद्र कुमार गाली दे रहे थे। एतराज करने पर समर्थकों के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुरेंद्र, ऋषिपाल, बबुन्नर व भोला के खिलाफ गाली देने और मारने-पीटने का मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# गांजा के साथ चोर गिरफ्तार

मगहर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर स्थित कबीर चौरा परिसर से शनिवार की देर रात कई मुकदमों में वांछित चोर को मगहर पुलिस ने एक किलो दो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे रविवार को जेल भेज दिया।

चौकी इंचार्ज हरिनारायण दीक्षित ने बताया कि शनिवार की देर रात कबीर चौरा परिसर में पहुंचे ही थे कि एक संदिग्ध युवक पुलिस जीप को आते देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन उसको पकड़कर जामा तलाशी ली गई तो उसके पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसकी पहचांन आशीष कुमार उर्फ गचई निवासी तेली टोला, कस्बा मगहर के रूप में हुई। आगे बताया कि पकड़ा गया युवक एक शातिर चोर व कई मुकदमों में वांछित है। उसे गिरफ्तार कर केस दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया गया। संवाद

# 11 के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## महुली थाना क्षेत्र के झकही चक बेलडूहा गांव का मामला

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के झकही चक बेलडूहा निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर महुली पुलिस ने 11 के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर मारने पीटने, गाली व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में विकास राम तिवारी पुत्र अनिल तिवारी का आरोप है कि पुरानी रंजिश से खार खाए गांव के राजेश तिवारी अपने समर्थकों के साथ उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली देने लगे। एतराज करने पर मारने के लिए दौड़ा लिए। वह भागकर घर के अंदर गए। तो उक्त लोग पीछे पीछे घर में घुस गए। लाठी-डंडा से पिटाई करते हुए गाली देने लगे। मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने विकास राम तिवारी की तहरीर पर राजेश तिवारी, सर्वेश तिवारी, आशुतोष, राहुल, पिंटू प्रदीप, संदीप, आलोक, रीतेश, अभिषेक, सतीश समेत 15 से 20 अज्ञात के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर गाली देते हुए लाठी-डंडे से मारना-पीटने, धमकी आदि का मुकदमा दर्ज किया है।

# 13 वाहन स्वामियों से 10,500 रुपये की हुई राजस्व वसूली

संतकबीरनगर। जनपद में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 13 वाहन स्वामियों से 10,500 रुपये की राजस्व वसूली की गई।

एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, धनवटा, महुली, दुधारा, बखिरा, धर्मसिंहवा, मेंहदावल, बेलहर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 13 वाहनों के कागजात में कमी और बिना हेलमेट के वाहन स्वामी मिले। इसके बाद 10,500 रुपये का जुर्माना लगाते हुए राजस्व वसूली की गई। एसपी ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं। संवाद

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# जनसंख्या पर नियंत्रण जरूरी : सिंह

## जागरूकता गोष्ठी

नवाबगंज | संवाददाता



रविवार को थाने में आयोजित जागरूकता गोष्ठी में मौजूद पुलिसकर्मी • हिन्दुस्तान

विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के मौके पर रविवार को थाना परिसर में एक जागरूकता गोष्ठी हुई। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या पर नियंत्रण बहुत ही जरूरी है। उन्होंने थाने के सभी सिपाहियों को इस मुद्दे पर खुद जागरूक होने के साथ ही क्षेत्र में लोगों में जागरूकता लाने का आवाह्न किया। विशेष तौर पर थाने के एंटी रोमियो टीम को क्षेत्र मे जन सम्पर्क अभियान के दौरान लोगों को परिवार नियंत्रण पर लोगों को सचेत करने का निर्देश दिया।

निरीक्षक अपराध सुखबीर सिंह भदौरिया ने कहा सूबे के योगी सरकार द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के लिए जो ड्राफ्ट तैयार किया गया है उसकी पूरी तरह से जानकारी करते हुए सीमित परिवार को सरकार द्वारा दी जाने वाली लाभ के बारे मे अवश्य बताएं। गोष्ठी मे अपने अपने विचार प्रस्तुत करने वालो में एसआई सुनील कुमार, बलिराम सिह, हेड कांस्टेबल अखिलेस सिंह और कई महिला आरक्षी भी रही। गोष्ठी के उपरांत एंटी रोमियो टीम द्वारा कस्बे के चाई टोला और कहरान मोहल्ले मे जागरूकता अभियान चलाया गया।

CS Scanned with CamScanner

# अवैध असलहों के साथ एक गिरफ्तार

**करनैलगंज।** थाना परसपुर के अंतर्गत पसका पुलिस चौकी प्रभारी ने एक व्यक्ति को अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रणजीत यादव ने बताया कि वे हमराह हेड कांस्टेबल अमीर आलम शाही व अनिल कुमार पटेल के ग्राम नंदौर में थे। उसी बीच बंधा सड़क के पास से भाग रहे पसका निवासी सुशील कुमार पांडे पकड़ा गया। उसके पास से 12 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस मिले।

# एसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण के गुर सिखाए

गोण्डा | संवाददाता

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में प्रशिक्षणाधीन 197 रिक्रूट आरक्षियों को अभी तक दिए गए प्रशिक्षण की समीक्षा की। दिए गए प्रशिक्षण को प्रभावी न मानते हुए उसे और बेहतर बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए कुछ आवश्यक गुर दिए। इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने प्रतिसार निरीक्षक को सभी रिक्रूटों को परेड कराने के अतिरिक्त स्टेमिना बढ़ाने वाले विभिन्न प्रकार के खेल जैसे फुटबॉल हैंडबॉल बास्केटबॉल आदि खेलों को भी नियमित तौर पर कराने के निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रशिक्षकों को रिक्रूटो की नियमित दौड़ कराने और उनकी टाइमिंग को साप्ताहिक रूप से चेक करने, जिससे यह जानकारी हो सके कि रिक्रूटों की शारीरिक क्षमता में कितना सुधार हो रहा है, का निर्देश दिया। मेस में भोजन की गुणवत्ता बेहतर रहे इसके लिए प्रतिसार निरीक्षक को पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकांत गौतम, प्रतिसार निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह व समस्त प्रशिक्षक आदि मौजूद रहे।

CS Scanned with CamScanner

# पुलिसकर्मियों से किया संवाद

**गोंडा :** एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में प्रशिक्षण ले रहे 197 पुलिस कर्मियों से संवाद किया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के तौर तरीके के बारे में जानकारी दी। (संसू)

CS Scanned with CamScanner

# पुलिसकर्मियों से किया संवाद

गोंडा : एसपी संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस लाइंस परेड ग्राउंड में प्रशिक्षण ले रहे 197 पुलिस कर्मियों से संवाद किया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के तौर तरीके के बारे में जानकारी दी। (संसू)

CS Scanned with CamScanner

# कोरोना की तीसरी लहर को लेकर सजग रहें पुलिस कर्मी

संसू, गोंडा: कोरोना की तीसरी लहर को लेकर पुलिस कर्मी सजग रहें। उनके कंधों पर खुद के साथ ही समाज को भी कोविड से बचाने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। ऐसे में कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन कराया जाए।

रविवार को पुलिस लाइंस में आयोजित कार्यक्रमं में पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने वर्तमान में भी कोरोना संक्रमण के चलते सभी पुलिस कर्मी मास्क लगाएं। सैनिटाइजर का प्रयोग करें। आम लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि कोविड प्रोटोकाल को लेकर पुलिस अधिकारी व कर्मचारी इसको लेकर सजगता बरतें।

- कोरोना योद्धाओं को आइजी ने किया सम्मानित, इसके साथ ही उन्हें टिप्स भी दिए



पुलिस लाइंस में सीओ लक्ष्मीकांत गौतम को प्रमाण पत्र देते आइजी डॉ. राकेश सिंह व एसपी संतोष कुमार मिश्र • जागरण

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर लक्ष्मीकांत गौतम, प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज संतोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह सहित कोरोना को हरा चुके पुलिस कर्मियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीओ कर्नलगंज मुन्ना उपाध्याय, संजय तलवार मौजूद थे।

CS Scanned with CamScanner

# नए आरक्षियों को फिट रहने के लिए खेलों पर दिया जोर

## एसपी ने नए आरक्षियों को दिए प्रशिक्षण के टिप्स

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में प्रशिक्षण ले रहे 197 रिक्रूट आरक्षियों को अभी तक दिए गए प्रशिक्षण की समीक्षा की। एसपी ने प्रशिक्षण को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक मजबूती के साथ-साथ मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए आवश्यक गुर भी सिखाए।

पुलिस अधीक्षक ने प्रतिसार निरीक्षक को सभी रिक्रूटों को परेड कराने के अलावा स्टेमिना बढ़ाने वाले विभिन्न प्रकार के खेल जैसे फुटबॉल, हैंडबॉल, बास्केटबॉल आदि खेलों को भी नियमित तौर पर कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षकों को रिक्रूटों की नियमित दौड़ कराने तथा उनकी टाइमिंग को साप्ताहिक रूप से चेक करने, जिससे यह जानकारी हो सके कि रिक्रूटों की शारीरिक क्षमता में कितना सुधार हो रहा है, के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने मेस में भोजन की गुणवत्ता बेहतर रहे इसके लिए प्रतिसार निरीक्षक को पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया। सभी रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस कार्यालय व अन्य संबंधित विभागों की जानकारी दिलवाने के लिए टोलीवार भेजकर प्रशिक्षित कराने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को भविष्य में ड्यूटी के दौरान आने वाली किसी भी विषम परिस्थिति में भी अपने मनोबल को बनाए रखते हुए कार्य करने के टिप्स दिए। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकांत गौतम, प्रतिसार निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह मौजूद रहे।



पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण के टिप्स देते एसपी। - संवाद

Scanned with CamScanner

# बढ़ती जनसंख्या पर किया जागरूक

**नवाबगंज ।** विश्व जनसंख्या दिवस पर स्थानीय थाने पर आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या से गरीबी, बेरोजगारी फैलती है। उन्होंने कहा कि लोगों में जागरूकता लानी होगी तभी जनसंख्या वृद्धि में कमी लाई जा सकती है। निरीक्षक सुखबीर सिंह भदौरिया ने कहा कि इसमें कमी लाने के लिए प्रदेश सरकार नई जनसंख्या नीति लागू कर रही है। जिसमें दो से अधिक बच्चे पैदा करने वालो को सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाएगा तथा एक व दो बच्चों के लिए सरकार कई योजनाओं से उन्हें लाभ देगी। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। इस दौरान उपनिरीक्षक बलिराम सिंह, सिपाही अखिलेश सिंह, संजय सिंह, राहुल, राजेन्द्र सहित थाने महिला पुरुष सिपाही सहित थाने का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। संवाद

Scanned with CamScanner

# कोरोना वारियर्स को आईजी ने किया सम्मानित

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोंडा।** पुलिस लाइन सभागार में रविवार को आयोजित कोरोना वॉरियर्स सम्मान समारोह में कोरोना कॉल में वारियर्स की भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज गोंडा डॉ. राकेश सिंह रहे।

पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज व पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्य के दौरान कोरोना संक्रमित होने के बाद दोबारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन के साथ-साथ संक्रमण के दौरान अपने परिजनों के साहस को भी बंधाये रखने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह में कोरोना वारियर्स सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम, प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज संतोष कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह आदि ने संक्रमण काल के दौरान मिले अपने अनुभवों को पुलिसकर्मियों के बीच साझा किया। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन रेंज तथा पुलिस अधीक्षक ने वर्तमान में कोरोना संक्रमण के चलते सभी पुलिसकर्मियों से मास्क लगाने व सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने एवं आम लोगों में भी अनुपालन कराए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी करनैलगंज मुन्ना उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी मनकापुर संजय तलवार, प्रभारी निरीक्षक खरगूपुर अशोक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक यशवंत प्रताप सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार व अन्य कोरोना वारियर्स एवं पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



गोंडा में कोरोना वारियर्स को सम्मानित करते आईजी डॉ. राकेश सिंह। -संवाद

CS Scanned with CamScanner

mycity

## न्यूज कैप्सूल

# तमंचे के संग पकड़ा गया आरोपी

**करनैलगंज।** थाना परसपुर के अंतर्गत पसका पुलिस चौकी प्रभारी ने एक व्यक्ति को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रणजीत यादव ने बताया कि वे हमराह हेड कांस्टेबल अमीर आलम शाही व अनिल कुमार पटेल के ग्राम नंदौर में थे। इसी बीच बंधा सड़क के पास से सुशील कुमार पांडे पुत्र नरेंद्र पांडे निवासी ग्राम पसका गुल्ले पांडेपुरवा थाना परसपुर पुलिस को देखकर भागने लगा। उसका पीछा करके पकड़ा गया तो उसके कब्जे से तमंचा 12 बोर तथा 2 कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# किशोरी को भगाने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना सादुल्लाहनगर की पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुकदमा पंजीकृत करके अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। उप निरीक्षक शाबिर अली खान ने बताया कि ग्राम खोजवा निवासी अख्तर पुत्र निजामुल्ला किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित था। अभियुक्त को सरायखास चौराहा से आरक्षी विनीत पांडेय व आरक्षी जसकरण रावत की मदद से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को थाने लाकर न्यायालय के लिए रवाना किया गया है।



उतरौला कोतवाली परिसर में रविवार को असलहों की सफाई करती महिला आरक्षी

# महिला आरक्षियों ने की असलहा सफाई

**उतरौला।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली परिसर में रविवार को महिला आरक्षियों को असलहे की साफ-सफाई, खोलने व जोड़ने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्हें असलहों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में महिला आरक्षियों को असलहों को खोलने, जोड़ने व उसकी साफ-सफाई का प्रशिक्षण दिया गया।


# पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**बलरामपुर।** एसएससी ग्रुप आफ कम्पनीज के एमडी साई भक्त धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू की ओर से जनपद में वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उनकी ओर से जिले में एक लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में रविवार को भोलानंद जी महाराज मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, जगदंबा प्रसाद पांडेय, अजय कुमार मिश्रा, अरविंद तिवारी, ऋषिराज मिश्रा, कौशल आदि मौजूद रहे।

# लखनऊ में आतंकी मिला बलरामपुर रहा अलर्ट

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** लखनऊ में दो आतंकी पकड़े जाने के बाद रविवार को जिले की पुलिस भी दिनभर अलर्ट रही। वीर विनय चौराहा समेत विभिन्न स्थानों पर तैनात कई टीम भगवतीगंज, बहादुरापुर, उतरौला, बहराइच व तुलसीपुर रोड समेत अन्य चौराहों पर आने जाने वाले लोगों की चेकिंग की गई। नगर कोतवाल मानवेंद्र पाठक की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने संदिग्ध दिखे लोगों से जानकारी लेते हुए उनकी तलाशी ली।

तुलसीपुर, उतरौला, रेहरा, पचपेड़वा समेत अन्य थानों की पुलिस भी काफी सतर्क रही। देर शाम तक चेकिंग अभियान चलता रहा। इसके अलावा नेपाल सीमा पर एसएसबी व पुलिस ने आने-जाने वाले लोगों की तलाशी लेकर छानबीन की।



नगर के वीर विनय चौराहे पर वाहनों की जांच करती पुलिस टीम ● जागरण

# हथियारों की साफ-सफाई सीखी

**बलरामपुर।** देश व समाज के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाने वाली बेटियां पुलिस आरक्षी बनकर कानून व्यवस्था को सुधारने में दिन रात मेहनत कर रही हैं। हथियारों की साफ सफाई कर उन्हें खोलना एवं जोड़ना तथा समय आने पर उसका सही ढंग से प्रयोग करना भी महिला आरक्षी बखूबी सीख रही हैं। एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि महिला आरक्षियों की ड्यूटी अब थाना व पुलिस चौकियों के अलावा चालान करने तथा बेटियों को जागरूक करने के काम में भी लगाया जा रहा है। उपनिरीक्षक ममता सिंह यादव, प्रीति रावत, शांति, ज्योति व पूजा वर्मा आदि महिला आरक्षी बेटियों को उनके अधिकार एवं कानून की तरफ से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जागरूक कर रही हैं। प्रभारी निरीक्षकों का सीयूजी नंबर देकर बेटियों को कानून की जानकारी दी जा रही है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# भूखी महिला को सिपाही ने खाना खिलाया

**बहराइच।** एसपी सुजाता सिंह के बेहतर मित्र पुलिसिंग के निर्देश का असर लगातार दिख रहा है। रविवार की शाम जरवल रोड थाने पर शिकायत लेकर आई पीड़िता बहरामपुरवा निवासिनी लाजवंती पत्नी दुर्गेश ने महिला सिपाही शिवानी त्रिपाठी को बताया कि उसने तीन दिन से खाना नहीं खाया है। ड्यूटीरत महिला सिपाही शिवानी त्रिपाठी ने तुरंत पीड़िता को भोजन कराया। उसकी तहरीर पर आवश्यक कार्यवाई की गई। पीड़िता ने बताया कि उसके परिवार के लोग उसके साथ गाली गलौज करते हैं। पीड़िता को आश्वासन दिया गया कि उसको न्याय दिलाया जाएगा और उसे महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई।

# तीन वांछित गिरफ्तार

**बहराइच।** पयागपुर थाने के दरोगा आनेन्द्र यादव, हेड कांस्टेबल राम लखन, प्रभु नाथ तिवारी, सिपाही अजय राय, महिला सिपाही शिल्पी देवी ने शनिवार शाम काशीजोत में झगड़ा कर रहे राम केवल यादव को गिरफ्तार किया। इसी टीम ने हर्रैया गांव में दबिश देकर झगड़ा कर रहे बड़कऊ व रामसमुझ को गिरफ्तार किया। सभी को शांतिभंग में पाबंद किया गया है।

# इंडो-नेपाल बार्डर पर चार बदमाश गिरफ्तार

बहराइच | संवाददाता

भारत- नेपाल सरहद के गिरजापुरी पेट्रोल पम्प के पास पुलिस ने आल्टो कार सवार चार बदमाशों को धर दबोचा। इनके पास से असलहा, कारतूस व चाकू मिले हैं। कार सिद्धार्थ नगर जिले की है। पुलिस कार के बारे में तहकीकात कर रही है। यह चारों बदमाश सरहद इलाके में कोई संगीन वारदात अंजाम देने की फिराक में थे। गहन पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेजा गया है।

एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि सरहद इलाके के सभी थानों के एसएचओ को खुली सरहद के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरते जाने के निर्देश दिए गए है। शनिवार की आधी रात के बाद सुजौली एसएचओ ओम प्रकाश सिंह चौहान को भनक लगी कि बिछिया- गिरजापुरी रोड पर कार सवार कुछ संदिग्ध लोगों को देखे जाने की सूचना मिली, उन्होंने अफसरों को जानकारी दी। एसपी के निर्देश पर एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ मिहीपुरवा जंग बहादुर सिंह यादव के पर्यवेक्षण में दरोगा कौसर अली, सुभाष यादव, हेड कांस्टेबल विकास मिश्रा, अख्तर अली, सुभाष यादव, सिपाही राज कुमार यादव, सत्येंद्र कुमार को दबिश के निर्देश दिए गए, पुलिस टीम ने तलाश शुरू की।

गिरजापुरी पेट्रोल पम्प के पास एक कार आती देखकर उसको रोककर चारों ओर से घेराबंदी की गई। चारों युवकों को कार के बाहर आने का संकेत कर आधी रात में घूमने की वजह पूछी। इन लोगों ने बदल- बदल कर जवाब दिए। चारों की तलाशी लिए जाने पर एक के पास से 12 बोर का तमंचा, 2 जीवित कारतूस और एक युवक के पास चाकू बरामद किया। चारों की पहचान पयागपुर थाने के कोट बाजार निवासी रमेश कुमार, वहीद अहमद उर्फ राजू, पयागपुर कस्बा निवासी प्रदीप शुक्ला, भूपगंज बाजार निवासी पंकज जायसवाल के रूप में हुई। गहन पूछताछ में इन चारों ने बताया कि वह चोरी या छिनैती की फिराक में थे। कार सिद्धार्थ नगर जिले की है।

**सफलता**

- असलहा, कारतूस व चाकू मिला, कार सिद्धार्थ नगर जिले की है
- कोई संगीन वारदात करने के फिराक में थे आरोपी

# नहर पुलिया के पास पकड़ा गया गांजा

## तस्कर गिरफ्तार

बहराइच | संवाददाता

फखरपुर थाने की पुलिस ने एक शातिर मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से नेपाली गांजा बरामद किया गया है। जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग एक लाख रुपये आंकी गई है।

एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि फखरपुर थानाध्यक्ष श्यामदेव चौधरी को रविवार मध्याह्न भनक लगी कि जैतापुर बौंडी मार्ग पर किसी तस्कर की गतिविधियों को देखा गया है। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी अफसरों को दी। एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह व सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष ने दरोगा विजय कुमार गुप्ता, सिपाही राजेन्द्र नाथ चौधरी, दुर्गेश कुमार को साथ लेकर तलाश शुरू की।

जैतापुर बौंडी मार्ग पर नहर पुलिया के पास एक संदिग्ध को रोककर उसकी तलाशी ली गई। उसके पास से एक किग्रा गांजा बरामद किया गया। यह विदेशी नशेड़ियों को काफी पसंद है। वह इसे मारीजुआना नाम से जानते हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इसी थाने के मंझौरा के मजरे सिद्धा गांव निवासी मुकेश के रूप में हुई।

# महिला की हत्या में सास को गिरफ्तार किया

**धरपकड़**

पयागपुर | संवाददाता

पयागपुर थाने की पुलिस ने जून के तीसरे सप्ताह में हुई दहेज हत्या मामले में मृतका की सास को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस उनके मिलने के संभावित स्थलों पर छापेमारी कर रही है।

पयागपुर थाने के ग्राम सरसा के मजरे कुर्मीपुरवा में 18 जून की रात दहेज न मिलने पर रिंका उर्फ रिंकी पत्नी अशोक कुमार की हत्या कर दी थी। इस मामले में पति सहित आधा दर्जन ससुरालियों पर दहेज हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। पुलिस तबसे ही नामजद आरोपियों की तलाश कर रही थी। शनिवार देर शाम थानाध्यक्ष बृजानंद सिंह को सूचना मिली कि मृतका की सास फुलवासा पत्नी मोल्हे कुछ सामान लेने अपने घर आई है।

उन्होंने तत्काल दरोगा आनेन्द्र यादव, सिपाही आशीष सिंह, अजय राय, महिला सिपाही शिल्पी देवी ने दबिश देने को भेजा। पुलिस ने फुलवासा को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने साक्ष्य संकलन के बाद हत्यारोपी महिला को कोर्ट में पेश किया। वहां से 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में हत्यारोपी फुलवासा को जेल भेज दिया गया है।

# भारत और नेपाल सीमा पर अलर्ट सुरक्षा एजेंसियों ने बढ़ाई चौकसी

## लखनऊ में दो संदिग्ध आतंकी पकड़े जाने के बाद सतर्क हुए जवान

**संसू, बहराइच :** लखनऊ में एटीएस द्वारा दो संदिग्ध आतंकियों के पकड़े जाने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर जवानों को अलर्ट कर दिया गया है। एसएसबी के अलावा सुरक्षा एजेंसियां देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के मंसूबे पर पानी फेरने के लिए चौकस हैं। सीमा से जुड़े सभी रास्तों पर गश्त बढ़ा दी गई है। नाइट विजन कैमरे से लैस एसएसबी जवान सुरक्षा में जुटे हुए हैं।

इंडो-नेपाल बार्डर संवेदनशील रहा है। यहां कई बार आतंकी भी पकड़े जा चुके हैं। इन घटनाओं को देखते हुए सीमा पर एसएसबी के जवान चौकसी बरत रहे हैं। महिला जवान भी पूरी मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं। रविवार को लखनऊ की घटना के बाद एसएसबी के जवान चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे हैं। सीसी कैमरों से नेपाल से आने वाले लोगों की निगहबानी की जा रही है। रात में नाइट विजन कैमरों से अराजक तत्वों पर पैनी नजर बनाए रहते हैं। आने-जाने वालों की सख्त जांच करने के आदेश दिए गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि सीमा से सटे नवाबगंज, मोतीपुर, रुपईडीहा, सुजौली, मुर्तिहा, मोतीपुर समेत अन्य थानों की पुलिस को सतर्क करते हुए सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। सीमा पर 24 घंटे गश्त की जा रही है।

पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है। एएसपी ने कहा कि स्वयं रात को क्षेत्रों में निकलकर इस बात की जांच करता हूं कि कितने लोग गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वाह कर रहे हैं।



बहराइच के भारत–नेपाल बार्डर रुपईडीहा में सतर्कता के मद्देनजर आने–जाने वालों की जांच करते एसएसबी के जवान ● जागरण

### नेपाल पुलिस भी सतर्क

**बहराइच :** लखनऊ में संदिग्ध आतंकी पकड़े जाने के बाद जहां भारत–नेपाल सीमा पर सुरक्षा सख्त हो गई है। वहीं नेपाल पुलिस ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। नेपाल राष्ट्र के बांके जिले से जुड़ी जमुनहा पुलिस चौकी पर पुलिस कर्मियों की चहलकदमी बढ़ गई है। हर आने–जाने वालों पर जवान निगाह रख रहे हैं।

# प्राणघातक हमले का फरार आरोपित गिरफ्तार

बहराइच : रानीपुर थानाध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्राणघातक हमले के मुकदमे के आरोपित रामप्रसाद निवासी जिगनिया जसकरन सिंह को गिरफ्तार रविवार को न्यायालय भेजा गया। आरोपित कई दिनों से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। (संसू)

# शराब व लहन बरामद

**रिसियामोड़ :** सरयू की कछार में अवैध रूप से बनाई जा रही शराब के ठिकाने पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि अवैध तरीके से शराब बनाने की सूचना पर टीम ने मौके पर छापेमारी की। शराब बना रहे एक व्यक्ति ने नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने घेराबंदी कर निबुआरी निवासी शिवकुमार को पकड़ लिया। झाड़ियों में छिपाकर दो ड्रम में रखी गई 200 लीटर लहन, 20 लीटर तैयारी की गई शराब व उपकरण बरामद कर लिया। (संसू)

# पुलिस के हत्थे चढ़े चार ठग तमंचा और कारतूस बरामद




सुजौली पुलिस की गिरफ्त में बरामद समान के साथ आरोपित ● जागरण

**संसू, बिछिया (बहराइच)** : गिरिजापुरी पेट्रोलपंप चौराहे पर शनिवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लाल रंग की आल्टो कार को रोक कर तलाशी ली गई। इसमें चार संदिग्ध लोग सवार थे। ठगी के चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

जांच टीम का नेतृत्व कर रहे उप निरीक्षक कौसर अली कुरैशी ने बताया कि चेकिंग के दौरान वाहन में चार लोग सवार थे। यह लोग ठगी करते हैं। रमेश, वहीद अहमद, प्रदीप शुक्ल, पंकज जायसवाल को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी के दौरान वाहन से एक तमंचा, दो कारतूस व एक चाकू बरामद किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुभाष यादव, विकास मिश्र, सुभाष यादव, राजकुमार यादव, अख्तर अली, सतेंद्र कुमार शामिल रहे।

# लखनऊ में आतंकी पकड़ने के बाद नेपाल सीमा पर अलर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

## सुरक्षा एजेंसियां हुईं सतर्क, सीमा पर तेज हुई एसएसबी व पुलिस की कांबिंग

**बहराइच।** लखनऊ के काकोरी में अलकायदा के दो संदिग्ध आतंकवादी पकड़े जाने के बाद नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। एसएसबी व पुलिस ने जंगली रास्तों पर कांबिंग तेज कर दी है। वहीं सीमा पर हर आने-जाने वाले के पहचान की जांच व सघन तलाशी की जा रही है।



रुपईडीहा में नेपाल बॉर्डर पर आने-जाने वाले लोगों की चेकिंग करते एसएसबी के जवान। -संवाद

लखनऊ के काकोरी में एटीएस द्वारा छापा मारकर अलकायदा के दो संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से प्रेशर कुकर बम समेत कई विदेशी असलहे भी बरामद हुए हैं। इसकी सूचना मिलने के बाद बहराइच के नेपाल सीमा से सटे इलाकों पर अलर्ट कर दिया गया है। गृह मंत्रालय के अलर्ट के बाद सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं।

नेपाल सीमा के जंगली रास्तों पर एसएसबी और पुलिस के साथ वन विभाग द्वारा गश्त और कांबिंग तेज कर दी गई है। सीमा से सटे रुपईडीहा, नवाबगंज, मोतीपुर, सुजौली और मुर्तिहा आदि थानों की पुलिस भी सतर्कता बरत रही है।

सीमा पर हर आने-जाने वाले की सघन चेकिंग की जा रही है। पहचान पत्र की भी जांच की जा रही है। एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि सीमा से सटे सभी थानों को अलर्ट कर दिया गया है। खुली सीमा पर गश्त बढ़ा दी गई है।

# जंगल क्षेत्र में चोरी करने वाले गैंग के चार दबोचे



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व बरामद कार। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिछिया (बहराइच)।** जंगल क्षेत्र में कार से रेकी करने के बाद रात में चोरी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गश्त के दौरान चोरी की योजना बनाते समय दबोच लिया। इनके पास से तमंचा व अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने कार को सीज कर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। इनमें से दो के खिलाफ पहले से कई थानों में केस दर्ज हैं।

एसपी के निर्देश पर सुजौली थानाध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान ने क्षेत्र में गश्त करने के लिए टीम बनाई है। थानाध्यक्ष के निर्देश पर एसआई कौशर अली अपने दलबल के साथ रविवार की सुबह गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान गिरिजापुरी पेट्रोल पंप के पास एक अल्टो कार में चार लोग बैठकर चोरी की योजना बना रहे थे। टीम ने चोरी

## दिन में कार से करते थे रेकी रात में करते थे चोरी

की योजना बनाते हुए सुन लिया और घेराबंदी कर चारों को दबोच लिया। इनके पास से तमंचा, कारतूस, चाकू व अन्य सामान भी बरामद हुआ।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में चारों की पहचान पयागपुर थाना क्षेत्र के कोट बाजार निवासी रमेश कुमार, वशीद अहमद, पयागपुर कस्बा निवासी प्रदीप शुक्ला व भूपगंज बाजार निवासी पंकज जायसवाल के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान पकड़े गए चोरों ने बताया कि वह दिन में कार से रेकी करते थे। जिससे कोई शक न कर सके और रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का काम करते थे। चारों को जेल भेज दिया गया है।

# एक किलो गांजा समेत गिरफ्तार

**फखरपुर।** पुलिस ने रविवार को गश्त के दौरान एक युवक को गांजा समेत गिरफ्तार किया है। एसओ श्यामदेव ने बताया कि माधौपुर नहर पुलिया के पास से जैतापुर-बौंडी मार्ग पर मझौरा सिद्धा गांव निवासी मुकेश को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से तलाशी में एक किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। उसे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# हटाए गए चिलवरिया व वैवाही चौकी इंचार्ज

**बहराइच।** कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए एसपी सुजाता सिंह ने दो चौकी इंचार्ज को हटा दिया है। एसपी ने बताया कि चौकी इंचार्ज चिलवरिया शिवनाथ गुप्ता को लाइन हाजिर कर दिया गया, जबकि वैवाही चौकी इंचार्ज राम गोविंद वर्मा को खैरीघाट थाना भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि मीडिया सेल में तैनात वेद प्रकाश शर्मा को चिलवरिया चौकी इंचार्ज व चुनाव सेल में तैनात अनुज त्रिपाठी को वैवाही चौकी इंचार्ज बनाया गया है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-07-2021

# 35 लीटर शराब व तीन कुंतल लहन बरामद

श्रावस्ती | **संवाददाता**

जिलाधिकारी के आदेश पर आबकारी विभाग की ओर से अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों की ओर से छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। रविवार को विभिन्न स्थानों पर की गई छापेमारी के दौरान टीम ने 35 लीटर कच्ची शराब व तीन कुंतल लहन बरामद किया।

कोतवाली क्षेत्र भिनगा के उल्लहवा में रविवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र एक अब्दुल क़ैस व उपनिरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित ने संयुक्त टीम के साथ अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उर्मिला पत्नी जालिम के घर से 10 लीटर व शिव राजा पत्नी पारस के घर से 15 लीटर समेत कुल 25 कच्ची शराब बरामद की। इसी तरह से टीम ने उल्लहवा के ही निवासी राजित राम पुत्र ननकहु के घर पर दबिश दी तो मौके से कच्ची शराब बनाते चढ़ी भट्ठी पकड़ा गया। साथ ही राजित राम के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। इसके बाद टीम ने आरोपी के घर की तलाशी ली तो 10 डिब्बों में करीब 300 किलोग्राम लहन भी बरमाद हुआ। बरामद लहन को टीम ने मौके पर नष्ट कर दिया।

# अपराधियों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया

श्रावस्ती | **संवाददाता**

पुलिस लाइन सभागार में रविवार को सैनिक सम्मेलन के साथ ही अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में पुलिस कर्मियों की समस्याएं जानी गई और उसके निराकरण का मातहतों का निर्देशित किया गया। इसके अलाला अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने सबसे पहले पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण करने का मातहतों को निर्देश दिया। गोष्ठी में उन्होंने सभी थानेदारों से कहा कि अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाएं जाय, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम को रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण किया जाय। उन्होंने लंबित जनशिकायत व आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने तथा छोटी से छोटी बातों को संज्ञान में लेने का निर्देश दिया।

# पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

श्रावस्ती | संवाददाता

## जागरूकता

- बच्चों ने पुलिस लाइन परिसर में आम, अमरूद आदि के पौधे लगाए
- नौनिहालों ने पौधे लगाकर लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया

पुलिस लाइन परिसर में बच्चों ने पौधरोपण किया। पौधे रोप कर बच्चों ने लोगों को पर्यावरण का संदेश दिया। साथ ही लोगों ने अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा करने की अपील की।

वामा सारथी के बैनर तले रविवार को पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य व एएसपी बीसी दूवे की उपस्थिति में पुलिस परिवार के बच्चों के पौधरोपण किया। बच्चों ने पौधरोपण के दौरान परिसर में आम, अमरूद, आंवला आदि विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे लगाए। इस पौध रोपण कार्यक्रम में रितेश तिवारी, आरती तिवारी, अदिति सिंह, मान्या सिंह, आयांश यादव, वेदांश, दृष्टि सोनी, बृजेश यादव, अर्पित यादव, अवनीश कुमार, अनाया, अभिषेक तिवारी, शालू समेत 30 बच्चे शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि आज पुलिस लाइन परिसर में नौनिहालों ने पौधे लगाकर लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में संतुलन बनाये रखने में पेड़ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे पर्यावरण शुद्ध होता है। लेकिन यदि धरा पर पेड़ नहीं होंगे तो पर्यावरण प्रदूषित हो जाएगा और तब जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। पौधों की गैर-मौजूदगी में वातावरण में आक्सीजन की मात्रा नहीं होगी। पेड़ ही हमें आक्सीजन देते हैं और कार्बनडाइ आक्साइड गैस का अवशोषण कर वातावरण को शुद्ध बनाते हैं। इसलिए पौधरोपण के साथ ही लगाये गए पौधों की सुरक्षा करना बहुत हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक अजय कुमार, सुनील कुमार, आरक्षी पुष्पेंद्र सिंह, आशीष सोनी, वेदानंद मिश्रा, संदीप मिश्रा, अनुराग राणा आदि मौजूद रहे।

# चोरी की योजना बनाते हुए चार चोर गिरफ्तार

**श्रावस्ती**। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बीसी दूबे व क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसला प्रसाद के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह थाना मल्हीपुर क्षेत्र भ्रमण के दौरान किया। इस दौरान ग्राम कुभियागांव दाखिला बेगमपुर बाग के पास से छोटू खां पुत्र कुरकुट खां निवासी इमामपट्टी बेगमपुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती, वसीम पुत्र कलीम निवासी ग्राम सुजातपट्टी बेगमपुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती, आजाद पुत्र नसरुद्दीन निवासी ग्राम छेदागांव महजिदिया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती, सर्वेश पुत्र जैसराम निवासी छेदागांव महजिदिया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को चोरी की योजना बनाते हुए दो अदद अवैध चाकू व चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण आला नकब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मल्हीपुर में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चौकी प्रभारी को जादूगर बता जिपं सदस्य ने पहनाई माला

संसू, जमुनहा (श्रावस्ती) : रस्सी को सांप बनाने वाली पुलिस की कहावत तो सुनी ही होगी। जमुनहा चौकी की पुलिस ने इस कहावत को साकार कर दिया। जादूगर बनी पुलिस ने रस्सी से सांप तो नहीं, लेकिन शराब को नशीली दवा में जरूर बदल दिया। इस कृत्य से नाराज जिला पंचायत सदस्य रविवार को समर्थकों के साथ पुलिस चौकी पहुंच गए। चौकी प्रभारी को जादूगर की संज्ञा देते हुए उनका माल्यार्पण किया। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

जमुनहा बाजार निवासी लल्लन जायसवाल उर्फ अनिल के पास 30 टेबलेट नशीली दवा अल्प्राजोलम की बरामदगी दिखाकर 10 जुलाई को पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। जमुनहा पुलिस चौकी की ओर से की गई यह कार्रवाई लोगों को रास नहीं आ रही थी। स्थानीय लोगों का कहना था कि आरोपित को पुलिस ने 30 शीशी नेपाली शराब के

- आरोपित के पास से बरामद की थी शराब, नशीली दवा की बरामदगी दिखाकर भेज दिया जेल

- समर्थकों के साथ पुलिस चौकी पहुंचे जिपं सदस्य ने फर्जी मामला बनाने के लिए की चौकी प्रभारी की निंदा



जमुनहा में पुलिस चौकी प्रभारी का माल्यार्पण करते जिला पंचायत सदस्य हरीश जायसवाल गांधी (दाएं) ● जागरण

साथ पकड़ा था। पुलिस चौकी में शराब नशीली टेबलेट में कैसे बदल गई। जिला पंचायत सदस्य हरीश जायसवाल गांधी ने इसके खिलाफ आवाज बुलंद की तो जमुनहा बाजार के लोग उनके साथ चल पड़े। सुबह माइक से घोषणा करते हुए जिपं सदस्य समर्थकों के साथ पुलिस चौकी पर पहुंच गए। चौकी प्रभारी राम कुमार वर्मा को जादूगर बताते हुए उन्हें फूल की माला पहनाई। जिपं सदस्य ने बताया कि लल्लन पुलिस से मिलकर नेपाली शराब का कारोबार करता था। पुलिस चौकी प्रभारी ने नौ जुलाई को 10 बजे रात उसे बुलाया। साथ में

> पुलिस की ओर से शराब को नशीली गोली दर्शाने के मामले की जांच कराई जाएगी। जिला पंचायत सदस्य के आरोप सही पाए गए तो संबंधित पुलिस चौकी प्रभारी पर कार्रवाई होगी।
>
> **-वीसी दूबे**, एएसपी, श्रावस्ती

घर से एक पेटी शराब भी लाने को कहा। चौकी प्रभारी ने उसे बताया कि शिकायत मिली है। मुकदमा दर्ज करना पड़ेगा, लेकिन जेल नहीं जाना पड़ेगा। चौकी प्रभारी व सिपाही उसे लेकर मल्हीपुर थाने चले गए। इसके बाद उसके पास से शराब के बजाय 30 टेबलेट अल्प्राजोलम की बरामदगी दिखाकर उसे जेल भेज दिया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि मैं अपराध व अपराधियों के पक्ष में नहीं हूं, लेकिन जिसने जो अपराध किया है उसे उसी का दंड मिलना चाहिए। चौकी प्रभारी ने फर्जी मामला बनाकर लल्लन को जेल भेजा है। यह कृत्य निंदनीय है।

# दुष्कर्म का वांछित दबोचा

**श्रावस्ती** : सोनवा थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे बहराइच जिले के मुकेरिया गांव निवासी मोहम्मद रिजवान को चिचड़ी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। जेल भेजा गया है।( संसू)

# पुलिस परिवार के बच्चों ने किया पौधारोपण

**संसू, श्रावस्ती :** रविवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्या व सीओ हौसिला प्रसाद की मौजूदगी में पुलिस लाइन्न परिसर भिनगा में वामा सारथी के बैनर तले वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस परिवार के बच्चों की ओर से पौधारोपण किया गया। बच्चों ने आम, अमरूद, आंवला समेत विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे लगाए। प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह मौजूद रहे।



पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण करते पुलिस परिवार के बच्चे ● जागरण

# चोरी की योजना बनाते चार गिरफ्तार

**श्रावस्ती:** मल्हीपुर थानाध्यक्ष दद्दन सिंह शनिवार की रात पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान बेगमपुर के कुभियागांव के पास बाग में चोरी की योजना बनाते झमामपट्टी बेगमपुर निवासी छोटू खां, सुजातपट्टी निवासी वसीम, छेदा गांव के आजाद व सर्वेश को दबोच लिया।( संसू)

# स्मार्ट पुलिसिंग की ओर बढ़ें थाना प्रभारी :एसपी

**संसू, श्रावस्ती :** पुलिस लाइन भिनगा के सभागार में शनिवार को सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने की। उन्होंने पुलिसिंग को स्मार्ट बनाने व आम आदमी से अच्छा बर्ताव करने के निर्देश दिए।

एसपी ने अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण बढ़ाने को कहा। बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों व असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने आदि के निर्देश दिए।

## यह हुए सम्मानित

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सकुशल संपन्न कराने व शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी ने भिनगा सीओ हौसिला प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, निरीक्षक योगेंद्र राय, निरीक्षक राकेश चंद्र, क्राइम ब्रांच के प्रभारी निरीक्षक विमलेंद्र कुमार, एएचटीयू के प्रभारी निरीक्षक केके यादव, न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक आरके शुक्ला, महिला थाना प्रभारी विनीता चतुर्वेदी, वन स्टाप सेंटर प्रभारी शीला यादव, एसआई विनय कुमार, सिरसिया थानाध्यक्ष राजेंद्र कनौजिया, गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, उप निरीक्षक सुनील कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# पुलिस परिवार के बच्चों ने किया पौधरोपण

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा में वामा सारथी द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद की मौजूदगी में पुलिस परिवार की महिलाओं व बच्चों ने पौधरोपण किया।



पुलिस लाइन परिसर में रविवार को पौधरोपण करते पुलिस कर्मियों के बच्चे व अन्य। -संवाद

एसपी ने कहा कि वृक्ष धरती का गहना है, यदि धरती हरी भरी रही तो हमें स्वच्छ प्राण वायु मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि वन व जीव एक दूसरे के पूरक हैं। बिना वन जीवन की कल्पना नहीं की जा सकी। उन्होंने बच्चों को वृक्षारोपण से होने वाले फायदों के बारे में जानकारी दी।

रोपित पौधों को सींच कर उनकी रक्षा करने, वृक्षों को न काटने की शपथ दिलाई। मौके पर अयांश यादव, वेदांश, दृष्टि सोनी, बृजेश यादव, अर्पित यादव, अवनीश कुमार, रितेश तिवारी, आरती तिवारी, अदिति सिंह, मान्या सिंह, अनाया, अभिषेक तिवारी, शालू, स्वास्तिक, आध्या यादव, आकांक्षा यादव समेत कई बच्चों ने पौधरोपण किए। प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, उप निरीक्षक अजय कुमार, सुनील कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, आशीष सोनी, वेदानंद मिश्रा, संदीप मिश्रा, अनुराग राणा, अचल राणा सहित कई मौजूद रहे। (संवाद)

# एंटी रोमियो अभियान रखें तेज, सोशल मीडिया की करें निगरानी

## सैनिक सम्मलेन में एसपी ने सुनी समस्या

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा स्थित सभागार में रविवार को पूर्व सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता करते हुए एसपी ने पूर्व सैनिकों की समस्या सुनी। उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अपराध समीक्षा के दौरान मातहतों को अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के सख्त निर्देश भी दिए। पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के नेतृत्व में सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी में एसपी ने विभिन्न थानों एवं प्रकोष्ठों से आए हुए पुलिस कर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

साथ ही समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए अपराध समीक्षा की। जिसमें अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण करने, लंबित जन शिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक जैसे स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों का फोटो लेने आदि पर विशेष जोर देने को कहा। सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों/ असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ-साथ डिजिटल वालिंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग करने को कहा। (संवाद)



सैनिक सम्मलेन के दौरान प्रशस्ति पत्र देकर पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते एसपी। -संवाद

### इनका हुआ सम्मान

इस दौरान त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर हौसला प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, निरीक्षक योगेंद्र राय (प्रभारी डीसीआरबी), निरीक्षक प्रज्ञान राकेश चंद्र, निरीक्षक विमलेंद्र कुमार (प्रभारी क्राइम ब्रांच), निरीक्षक केके यादव (प्रभारी एएचटीयू), निरीक्षक आरके शुक्ला (प्रभारी न्यायालय सुरक्षा), निरीक्षक विनीता चतुर्वेदी (प्रभारी महिला थाना), निरीक्षक शीला यादव (प्रभारी वन स्टॉप सेंटर), एसआई (एम) विनय कुमार, थानाध्यक्ष सिरसिया राजेंद्र कनौजिया, थानाध्यक्ष गिलौला अखिलेश पांडे, उप निरीक्षक सुनील कुमार (पीआरओ पुलिस अधीक्षक) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अपराधियों के खिलाफ हो कार्रवाई

## पुलिस अधीक्षक ने किया अपराध नियंत्रण की समीक्षा

संदेश वाहक न्यूज



*कानून व्यवस्था की समीक्षा करते पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ।*

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान विभिन्न थानों एवं प्रकोष्ठों से आए हुए पुलिस कर्मियों से उनका परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

तत्पश्चात जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था हेतु अपराध समीक्षा की गई। जिसमें सर्वप्रथम अवैध कच्ची शराब के निर्माण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण करने, लंबित जनशिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने हेतु कड़े निर्देश दिए। साथ हीं बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों का फोटो लेने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु विशेष जोर दिए। पुलिस अधीक्षक ने संप्रदायिक भावना भड़काने वालों,असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने व सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ-साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया । लंबित विवेचनाओं, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा की कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये।

# चोरी की योजना बनाते चार गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर पुलिस ने शनिवार रात गश्त के दौरान बेगमपुर बाग से चार लोगों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर दद्दन सिंह रविवार रात हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान जैसे ही वह ग्राम बेगमपुर के मजरा कुभियागांव स्थित बाग के निकट पहुंचे। तभी उन्हें वाहन की रोशनी में बाग के अंदर चार लोग बैठे दिखे। संदेह के आधार पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके कब्जे से पुलिस ने दो चाकू व आला नकब बरामद किया। यह चारों बाग में बैठकर चोरी की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम बेगमपुर के मजरा इमाम पट्टी निवासी निवासी छोटू खां, सुजातपट्टी निवासी वसीम, छेदागांव महजिदिया निवासी आजाद व सर्वेश के रूप में हुई। जिनके विरुद्ध मल्हीपुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उन्हें रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। जहां से बाद में चारों आरोपियों को जेल भेजा गया है। (संवाद)

# 10 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से रविवार को जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की जांच कर 173 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही पुलिस ने 99,000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। वहीं कोविड-19 से सुरक्षा एवं बचाव के तहत चलाये गए अभियान में 156 लोगो के विरुद्ध मास्क न लगाये जाने के कारण कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने 25,300 रुपये का चालान भी किया। (संवाद)